# नेशनल प्रेस टाइम्स

नई दिल्ली, मंगलवार 27 मई 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 88 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## आधुनिक तकनीक से जुड़ेंगी ग्राम पंचायतें 278 करोड़ से तैयार होगी डिजिटल वर्कफोर्स



लखनऊ ।यूपी की ग्राम पंचायतों को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जाएगा। इसके लिए डिजिटल वर्कफोर्स तैयार किया जाएगा। वहीं, जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर एवं पंचायत लर्निंग सेंटर भी स्थापित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर ग्राम पंचायतों को डिजिटल रूप से सशक्त और जनसुविधाओं से लैस करने के लिए 278 करोड़ रुपये से डिजिटल वर्क फोर्स तैयार की जाएगी। जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर एवं पंचायत लर्निंग सेंटर भी स्थापित होंगे। यह पहल राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत हो रही है।

पंचायती राज विभाग की कार्ययोजना के अनुसार ग्राम पंचायतों के कर्मचारियों को डिजिटल प्लेटफार्मों पर कुशलता से कार्य करने के लिए यह पहल हो रही है। इसका उद्देश्य पंचायतों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर सेवा वितरण की दिशा में प्रभावी बनाना है। इसके लिए राज्य, जिला और खंड स्तर पर मानव संसाधन तैयार किए जाएंगे। पंचायत कर्मियों के प्रशिक्षण और सतत विकास के लिए केंद्र बनाए जाएंगे।

जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर और पंचायत लर्निंग सेंटर की स्थापना से लोगों को योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। इससे गांवों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को भी बढ़ावा मिलेगा। वहीं, एआई प्रज्ञा कार्यक्रम के तहत प्रदेश में 10 लाख लोगों को एआई में दक्ष बनाने की तैयारी है। ब्लॉक, जिला व ग्राम पंचायतों में भी अंतर्गत कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्ययोजना के अनुसार, चार स्तरीय समितियां योजना की निगरानी और क्रियान्वयन को अधिक प्रभावी बनाएंगी।

पंचायती राज मंत्री की अध्यक्षता में राज्य सलाहकार समिति, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य संचालन समिति, प्रमुख सचिव पंचायती राज की अध्यक्षता में राज्य कार्यकारी समिति तथा निदेशक पंचायती राज की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति भी बनेगी।

### पीएम नरेन्द्र मोदी की चेतावनी

## 'अगर कोई हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय'

दाहोद। दाहोद में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आतंक फैलाने वालों ने सपनों में भी नहीं सोचा होगा मोदी से मुकाबला कितना मुश्किल हो सकता है। पाकिस्तान का लक्ष्य ही भारत से दुश्मनी करना है, पर हमारा लक्ष्य विकसित बनना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने दाहोद में करीब 24,000 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने वेरावल और अहमदाबाद के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस और वलसाड और दाहोद स्टेशनों के बीच एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने विशाल जनसभा को संबोधित भी किया।

पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र मां भारती की, मानवता की रक्षा के लिए हमारे तप और त्याग को दर्शाता है। सोचिए, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने जो कुछ किया, क्या भारत चुप बैठ सकता है? क्या मोदी चुप बैठ सकता है? अगर कोई हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है। ये हम भारतीयों के संस्कारों और हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है। आतंकवादियों ने 140



करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी। इसलिए मोदी ने वही किया, जिसके लिए देशवासियों ने मुझे प्रधान सेवक की जिम्मेदारी दी है।

पीएम मोदी ने कहा, 'मोदी ने अपनी तीनों सेनाओं को खुली छूट दी और हमारे शूरवीरों ने वो कर दिखाया, जो दुनिया ने पिछले कई दशकों से नहीं देखा था। हमने सीमापार चल रहे 9 आतंकी ठिकानों को ढूंढ निकाला और 22 तारीख को उन्होंने जो खेल खेला था, 6 तारीख की रात को 22 मिनट में हमने उन्हें मिट्टी में मिला दिया। भारत की इस कार्रवाई से बौखलाकर जब पाकिस्तानी सेना ने दुस्साहस दिखाया, तो हमारी सेनाओं ने पाकिस्तानी फौज को भी धूल चटा दी।'

उन्होंने कहा कि विभाजन के बाद नए-नए बने देश का एक ही लक्ष्य था- भारत से नफरत करना और हमारी प्रगति को रोकने की कोशिश करना, लेकिन हमारा एक ही लक्ष्य है- आगे बढ़ते रहना, गरीबी को खत्म करना और विकसित भारत का निर्माण करना।

वास्तव में विकसित भारत तभी संभव है, जब हमारी सशस्त्र सेनाएं मजबूत हों और हमारी अर्थव्यवस्था भी मजबूत हो। हम पूरी लगन और दृढ़ संकल्प के साथ लगातार उस दिशा में काम कर रहे हैं।

आज 26 मई है, 2014 में इसी तारीख को मैंने पहली बार प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली थी

इससे पहले सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज 26 मई है। 2014 में इसी तारीख को मैंने पहली बार प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। सबसे पहले गुजरात के लोगों ने मुझे आशीर्वाद दिया, फिर करोड़ों भारतीयों ने मुझे आशीर्वाद दिया।

शेष पेज 2 पर

## अदालत ने यूट्यूबर ज्योति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा, हिसार कोर्ट में हुई थी पेशी



हिसार। सोमवार को ज्योति मल्होत्रा को सिविल जज सुनील कुमार की अदालत में पेश किया गया, जहां उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस को ज्योति के मोबाइल से डिलीट की गई कॉल डिटेल की रिपोर्ट मिल गई है। हालांकि अभी लैपटॉप से डिलीट डाटा की रिपोर्ट नहीं आई है।

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार ज्योति को हिसार पुलिस पेशी के लिए हिसार कोर्ट लेकर पहुंची थी। ज्योति मल्होत्रा को सिविल जज सुनील कुमार की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के मुताबकि ज्योति को हिसार की सेंट्रल जेल नंबर 2 में रखा जाएगा। यह महिलाओं की जेल है।

शेष पेज 2 पर

## देश में बढ़ रहा कोरोना का खतरा पिछले एक हफ्ते में 750 नए केस आए

### दिल्ली में आंकड़ा 100 के करीब

नई दिल्ली । कोरोना वायरस का बढ़ता संक्रमण एक बार फिर से लोगों की चिंता बढ़ाने लगा है। देश में संक्रमण के मामलों में उछाल की खबरें आने लगी हैं। अलग-अलग राज्यों से प्राप्त हो रही जानकारियों के मुताबिक यहां कोरोना फिर से एक्टिव हो गया है।

देश में कोरोना के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। बीते एक हफ्ते में देश में कोरोना के 752 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 305 लोगों ने कोरोना संक्रमण को मात दी। चिंता की बात यह है कि बीते सात दिनों में कोरोना से जान गंवाने वालों का आंकड़ा सात दर्ज किया गया है। मरने वालों महाराष्ट्र के चार, केरल के दो और कर्नाटक का एक शख्स शामिल है। नए मामलों की बात करें तो बीते एक हफ्ते में



(19 मई के बाद) सबसे ज्यादा 335 मामले केरल, 153 महाराष्ट्र, 99 दिल्ली, 76 गुजरात और 34 कर्नाटक में आए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक, 26 मई को सुबह 8:00 बजे देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 1009 है।

**कोरोना के सबसे ज्यादा 403 मामले-** कुल केसों की बात करें तो केरल में कोरोना के सबसे ज्यादा 403 मामले दर्ज किए गए हैं। मुंबई में 209 और दिल्ली में अब तक 104 मामले दर्ज किए गए हैं। इन शहरों के बाद गुजरात का नंबर आता है, जहां 83 मामले दर्ज किए गए हैं। कर्नाटक में 47, उत्तर प्रदेश में 15 और पश्चिम बंगाल में 12 मामले दर्ज किए गए हैं। केंद्र सरकार की एजेंसी इंडियन रअफर-उङ्गश-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (क्ल्लरूङ्ग) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, नए कोरोना संक्रमणों में वृद्धि के बीच दो नए वेरिएंट के मामले सामने आए हैं।

**बंगाल में चार और कोविड संक्रमण, सक्रिय मामले 11 हुए-**पश्चिम बंगाल में चार और लोगों में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है। अब यहां सक्रिय मामलों की संख्या 11 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सांस संबंधी समस्याओं वाले मरीजों का सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। इनमें से ज्यादातर मामले कोलकाता और उसके उपनगरों से सामने आए हैं। 19 मई तक बंगाल में कोरोना का सिर्फ एक सक्रिय मामला था।

शेष पेज 2 पर

## मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की गई? लालू परिवार पर बरसीं तेज प्रताप की पूर्व पत्नी, जब मुझे पीटा गया तो सामाजिक न्याय कहां था?




पटना। ऐश्वर्या राय ने सवाल करते हुए कहा कि मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की गई? मुझे क्यों पीटा गया? अब अचानक उनमें सामाजिक जागृति आ गई है। वे सब एक साथ हैं। वे अलग नहीं हुए हैं। चुनाव नजदीक हैं, इसीलिए उन्होंने ऐसा कदम उठाया और यह ड्रामा रचा। उन्होंने कहा कि सबको पता है कि क्या हुआ।

आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बेटे और बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गए हैं। उन्हें पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। ऐसा आरोप लगाया गया है कि उन्होंने निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना की है। इसके अलावा, उनके 'साथी' को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट को लेकर विवाद भी हुआ था, जिसे अब हटा दिया गया है। इसी को लेकर अब बिहार में सियासत तेज हो गई है।

शेष पेज 2 पर

## सपा-कांग्रेस की बढ़ती दूरी से बसपा को सियासी फायदे की आस

### इमरान मसूद के बयान ने बढ़ाई सरगर्मी

लखनऊ। यूपी में कथित तौर सपा और कांग्रेस के बीच दिख रहीं दूरियां क्या बसपा को राजनीतिक लाभ ले सकती हैं? इधर सांसद इमरान मसूद के बयान ने एक अलग तरह की बात कहकर सरगर्मी बढ़ा दी है।



कांग्रेस सांसद इमरान मसूद द्वारा समाजवादी पार्टी के बजाय बहुजन समाज पार्टी के साथ गठबंधन से अधिक फायदा होने के बयान ने सियासी सरगर्मी बढ़ा दी है। कांग्रेस और सपा के साथ बसपा के नेता भी इमरान मसूद के बयान के सियासी निहितार्थ तलाशने में जुट गए हैं। जानकारों के मुताबिक कांग्रेस और सपा के बीच बढ़ती दूरी बसपा के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। हालांकि बसपा कांग्रेस का हाथ आसानी से नहीं थामेगी।


दरअसल, कांग्रेस और सपा के नेताओं के बीच अक्सर बयानबाजी से गठबंधन समाप्त होने की अटकलें लगती रहती हैं। लोकसभा चुनाव के बाद एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी में इजाफा भी हुआ है। लोकसभा चुनाव में 6 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस प्रदेश में अपने पैर मजबूती से जमाने की कवायद में जुटी है,

शेष पेज 2 पर

### कोरोना ▪ हफ्ते भर में ही पांच गुना बढ़ गए कोरोना के एक्टिव केस

## वैरिएंट खतरनाक नहीं फिर क्यों हो रही मौतें?

**नई दिल्ली** । Covid-19: पिछले 7-10 दिनों के भीतर भारत में कोरोना के मामलों में करीब पांच गुना की वृद्धि हुई है। देश में अब तक संक्रमण से सात लोगों की मौत भी हो गई है, इसके अलावा कई लोगों को अस्पताल में भर्ती होने की भी जरूरत पड़ रही है। क्या इस बार का कोरोना फिर से गंभीर रोग वाला है?



कोरोनावायरस के दुनियाभर में बढ़ते हालिया मामले विशेषज्ञों की चिंता बढ़ाने लगे हैं। भारत में भी पिछले एक-दो हफ्तों में संक्रमण बढ़ने की जो रफ्तार रही है, उसने सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या हम संक्रमण की एक और लहर की तरफ बढ़ रहे हैं, एक खतरनाक लहर की तरफ?

पिछले एक हफ्ते (19 से 26 मई) के भीतर भारत में कोरोना के मामलों में करीब पांच गुना की वृद्धि हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के कोविड डैशबोर्ड के मुताबिक 22 मई को देशभर में एक्टिव केस 257 थे जो 26 मई के अपडेट में बढ़कर 1007 हो गए हैं। देश में अब तक संक्रमण से सात लोगों की मौत भी हो गई है, इसके अलावा कई लोगों को अस्पताल में भर्ती होने की भी जरूरत पड़ रही है ।तो क्या इस बार का कोरोना फिर से गंभीर रोग वाला है? क्या फिर से डेल्टा वैरिएंट जैसा प्रकोप हो सकता है? आइए इस बारे में विस्तार से समझते हैं। हांगकांग-सिंगापुर से शुरू हुआ इस बार का प्रकोप अब भारत में भी रफ्तार पकड़ने लगा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक राजधानी दिल्ली में कोरोना के एक्टिव मामले देखते ही देखते 100 का आंकड़ा पार कर गए हैं। एक हफ्ते के भीतर ही यहां 99 मामले सामने आए हैं जिसके कारण अब यहां एक्टिव मामले बढ़कर 104 हो गए हैं। केरल सबसे प्रभावित राज्य है जहां पर कुल सक्रिय मामले 430 है, हफ्ते भर में यहां 335 नए संक्रमित देखे गए हैं। महाराष्ट्र में एक्टिव मामले 209, गुजरात में 83, तमिलनाडु में 69, कर्नाटक 47 मरीज हो गए हैं।

**मौत के भी बढ़ रहे हैं मामले**

विशेषज्ञ कहते हैं, भारत में जिन वैरिएंट्स (ठइ.1.8.1 और छऋ7) के कारण मामले बढ़ रहे हैं, वह वैसे तो गंभीर रोग कारक नहीं हैं पर देश में कोरोना से मौत के मामलों में भी वृद्धि देखी जा रही है। 19 से लेकर 26 मई के बीच ही देश में सात लोगों की मौत हो गई है। महाराष्ट्र में चार, केरल में दो और कर्नाटक में कोरोना से एक मौत का मामला सामने आया है।

(महामारी विशेषज्ञ से जानिए कितना खतरनाक है फैल रहा वैरिएंट)- कितना खतरनाक है भारत में फैल रहा कोरोना का वैरिएंट

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के मुताबिक ठइ.1.8.1 जो रिकॉम्बिनेंट वैरिएंट उ़ॠ.1.5.1 से निकला है, जिसका सबसे पहला सैंपल 22 जनवरी 2025 को एकत्र किया गया था।

शेष पेज 2 पर

# असम के कामरूप जिले की जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
**असम :** असम के कामरूप जिले की इस महीने की जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज सोमवार को कामरूप जिले की एकीकृत जिला आयुक्त कार्यालय के सभागार में, जिला आयुक्त देव कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कामरूप जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और दुर्घटनाओं में मृत्यु संख्या को यथासंभव कम करने के लिए पुलिस, परिवहन, सड़क निर्माण एजेंसियों जैसे लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों की उपस्थिति में विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रतिनिधि ने बताया कि चांगसारी क्षेत्र में हाल के समय में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या चिंताजनक रूप से बढ़ने के कारण, जिला आयुक्त के निर्देशानुसार दुर्घटना-प्रवण क्षेत्रों में पर्याप्त सड़क संकेत, चिन्ह और रंबल स्ट्रिप्स की व्यवस्था की गई है तथा सड़क किनारे के पेड़ों की डालियाँ काटने की दिशा में भी कदम उठाए गए हैं। इसी तरह, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सड़कों के गड्ढों की मरम्मत भी की है। कामरूप जिले के पुलिस अधीक्षक रंजन भुइयां की उपस्थिति में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोमालिन शुभदर्शिनी ने बताया कि मई माह में अब तक जिले में कुल 35 सड़क दुर्घटनाएँ हुई हैं, जिनमें 11 लोगों की मृत्यु हुई है। बैठक में यह भी बताया गया कि जिले में यातायात नियम उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि बैठक में अतिरिक्त जिला आयुक्त गर्गमोहन दास, रंगिया सम-जिला आयुक्त देवाशीष गोस्वामी, लोक निर्माण विभाग के कामरूप के अधीक्षण अभियंता मृदुल दास समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# असम के तिनसुकिया में बारेकुरी ग्रीन कॉरिडोर और जिला सर्वेक्षण विषय पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
**असम :** असम के तिनसुकिया जिला में बारेकुरी ग्रीन कॉरिडोर और जिला सर्वेक्षण विषय पर महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं। तिनसुकिया जिले के जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के अंतिम मसौदे की तैयारी और बारेकुरी क्षेत्र को भेरगांव-पदुमनी वन्यजीव अभयारण्य से ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से जोड़ने के संबंध में चर्चा के लिए तिनसुकिया के जिला आयुक्त स्वप्नील पाल की अध्यक्षता में दो महत्वपूर्ण बैठकें हुईं। सर्वेक्षण विषयक बैठक में जिले के जल संसाधन, लोक निर्माण, सिंचाई और जन स्वास्थ्य तकनीकी विभाग के कार्यकारी अभियंता, डूमडूमा और डिब्रूगढ़ क्षेत्रीय वन मंडल के अधिकारी, डिब्रूगढ़ के भूवैज्ञानिक अधिकारी आदि उपस्थित थे। बारेकुरी ग्रीन कॉरिडोर विषयक बैठक में तिनसुकिया वन्यजीव वन मंडल के अधिकारी और बारेकुरी विकास समिति के अध्यक्ष डिप्लव चेटिया आदि भी उपस्थित थे।

# असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर असम के तीन बार के सांसद और लोकसभा में विपक्ष के उपनेता गौरव गोगोई

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
असमः असम से तीन बार के सांसद और लोकसभा में विपक्ष के उपनेता गौरव गोगोई को असम प्रदेश कांग्रेस का बड़ा दायित्व सौंपा गया है। आज सोमवार को कांग्रेस हाईकमान ने गौरव गोगोई को असम प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने तत्काल प्रभाव से यह निर्णय लागू किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले दो-तीन हफ्तों से असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा गौरव गोगोई और उनकी पत्नी पर पाकिस्तान से संबंध होने का आरोप लगा रहे थे। कांग्रेस की ओर से आरोप लगाया गया है कि इन निराधार और तथ्यहीन आरोपों के जरिए गौरव गोगोई की राजनीतिक छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन इन विवादों के बीच ही कांग्रेस हाईकमान ने गौरव गोगोई को प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जैसा महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा । असम प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा को हटाकर गौरव गोगोई को अध्यक्ष बनाया गया है, वहीं भूपेन कुमार बोरा को चुनाव प्रचार समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा जाकिर हुसैन शिखदार, रोजलीना तिर्की और प्रदीप सरकार को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। कांग्रेस पार्टी ने पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा के कार्यकाल में दिए गए योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया है। इसके अलावा असम प्रदेश कांग्रेस की समन्वय समिति के अध्यक्ष के रूप में देवव्रत शईकिया, घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष के रूप में

८ द्यु त ा



बोरदोलोई, प्रचार समिति के अध्यक्ष के रूप में रकीबुल हुसैन को नियुक्त किया गया है। गौरव गोगोई ने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, संगठन के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और महासचिव जितेंद्र सिंह को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने के लिए विशेष धन्यवाद दिया है । अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद गौरव गोगोई ने कहा कि असम प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने पार्टी का नेतृत्व कर महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सांसद गौरव गोगोई ने असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण कर सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया और आने वाले दिनों में इस बड़ी जिम्मेदारी को अच्छे से निभाने के लिए असमवासियों का आशीर्वाद मांगा।

# असम के विश्वनाथ में उपस्थित हुए कोयला और खनन विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे

## केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने किया प्रधानमंत्री की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा।




**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
**असम** :भारत सरकार के कोयला और खनन विभाग के राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने आज सोमवार को असम के विश्वनाथ जिले के नए अवर्त भवन के सम्मेलन कक्ष में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक किया । जिले के लगभग पंद्रह विभागों के माध्यम से लागू की जा रही प्रधानमंत्री की प्रमुख (ऋॅॅस्र) योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री ने संबंधित विभागों के प्रमुख अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा किया । मंत्री ने यह भी जाना कि जिले के लोग इन योजनाओं का लाभ कैसे उठा रहे हैं और योजनाओं के सही और शीघ्र क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने जिले के विभिन्न स्थानों पर लागू की जा रही प्रधानमंत्री की प्रमुख योजनाओं का क्षेत्रीय निरीक्षण भी किया। मंत्री ने विश्वनाथ के लाभार्थी दुल बोरा के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने घर का निरीक्षण किया, साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जननी एफपीसी, कोचगांव, पीएम श्री योजना के तहत बिहाली सम-जिला के अंतर्गत बोरगांग हाई स्कूल सहित विभिन्न स्कूलों और परियोजनाओं का भी निरीक्षण किया। आज की विशेष बैठक में शोनितपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद रंजीत दत्ता, विश्वनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रमोद बरठाकुर, गहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक उत्पल बोरा, बिहाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिगंत घाटोवाल, विश्वनाथ के जिला आयुक्त मुणिंद्र नाथ नाटे , पुलिस अधीक्षक शुभाशीष बरुआ, बिहाली उप-जिला आयुक्त ध्रुवज्योति दास, गहपुर सम-जिला आयुक्त लुकुमोनी बोरा, अतिरिक्त जिला आयुक्त राकेश डेका और असीम बोरगोहेन समेत जिले के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# पेज एक का शेष...

क ा

## अगर कोई हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय

कोटि-कोटि जनों ने भी मुझे आशीर्वाद देने में कोई कमी नहीं रखी- उन्होंने कहा कि गुजरात के आप सभी लोगों में मुझे भरपूर आशीर्वाद दिया और बाद में देश के कोटि-कोटि जनों ने भी मुझे आशीर्वाद देने में कोई कमी नहीं रखी।आपके आशीर्वाद की शक्ति से मैं दिनरात देशवासियों की सेवा में जुटा रहा। इन वर्षों में देश ने वो फैसले लिए जो अकल्पनीय और अभूतपूर्व हैं। इन वर्षों में देश ने दशकों पुरानी बेड़ियों को तोड़ा है। देश हर सेक्टर में आगे बढ़ा है।

देश निराशा के अंधकार से निकलकर विश्वास के उजाले में तिरंगा फहरा रहा-पीएम मोदी ने कहा कि आज देश निराशा के अंधकार से निकलकर विश्वास के उजाले में तिरंगा फहरा रहा है। आज हम 140 करोड़ भारतीय मिलकर अपने देश को विकसित भारत बनाने के लिए जी-जान से जुटे हैं। देश की तरक्की के लिए जो कुछ भी चाहिए वो हम भारत में ही बनाएं ये आज के समय की मांग है। भारत आज तेज गति से मैन्युफैक्चरिंग की दुनिया में आगे बढ़ रहा है। देश की जरूरत के सामान का निर्माण हो या फिर दुनिया के अलग-अलग देशों में हमारे देश की बनी हुई चीजों का निर्यात लगातार बढ़ रहा है।

आज भारत रेल, मेट्रो और इसके जरूरी तकनीक खुद बनाता भी है और दुनिया में निर्यात भी करता है- उन्होंने कहा कि आज हम स्मार्ट फोन से लेकर, गाड़ियां, खिलौने, सेना के अस्त्र-शस्त्र और दवाओं जैसी चीजें दुनिया के देशों में निर्यात कर रहे हैं। आज भारत रेल, मेट्रो और इसके जरूरी तकनीक खुद बनाता भी है और दुनिया में निर्यात भी करता है। हमारा ये दाहोद इसका जीता-जागता प्रमाण है।

हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण- पीएम मोदी ने कहा कि थोड़ी देर पहले यहां हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इसमें सबसे शानदार दाहोद की इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव फैक्ट्री है। 3 साल पहले मैं इसका शिलान्यास करने आया था। तब लोगों को तरह तरह की बातें कीं। गालियां दीं। कहा कि चुनाव आने वाले हैं इसलिए ये सब किया जा रहा है। काम कुछ नहीं होगा। देखिए, अब इस फैक्ट्री में पहला इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव बनकर तैयार हो गया है। आज गुजरात को एक और उपलब्धि हासिल हुई है। गुजरात के शत-प्रतिशत रेलवे नेटवर्क का विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। इसके लिए मैं आप सभी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

दाहोद के बाद भुज में पीएम मोदी का रोड शो- प्रधानमंत्री मोदी अपने गुजरात दौरे के क्रम में दाहोद के बाद अब भुज पहुंच गए हैं। जहां उन्होंने एक रोड शो में हिस्सा लिया है।

## देश में बढ़ रहा कोरोना का खतरा पिछले एक हफ्ते में 750 नए केस आए

बिहार में मौजूदा लहर का पहला मामला सामने आया-बिहार में सोमवार को कोविड-19 की मौजूदा लहर का पहला मामला सामने आया। पटना के 31 वर्षीय एक व्यक्ति में संक्रमण की पुष्टि हुई। निजी अस्पताल में इलाज करा रहे मरीज का हाल ही में राज्य से बाहर यात्रा करने का कोई इतिहास नहीं है।

## मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की गई? लालू परिवार पर बरसीं तेज प्रताप की पूर्व पत्नी, जब मुझे पीटा गया तो सामाजिक न्याय कहां था?

तेज प्रताप यादव की पूर्व पत्नी ऐश्वर्या राय ने भी अपनी चुप्पी तोड़ी है। ऐश्वर्या राय ने सवाल करते हुए कहा कि मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की गई? मुझे क्यों पीटा गया? अब अचानक उनमें सामाजिक जागृति आ गई है। वे सब एक साथ हैं। वे अलग नहीं हुए हैं। चुनाव नजदीक हैं, इसीलिए उन्होंने ऐसा कदम उठाया और यह ड्रामा रचा। उन्होंने कहा कि सबको पता है कि क्या हुआ। लालू प्रसाद यादव के परिवार पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर उन्हें सब पता था तो उन्होंने मुझसे उसकी शादी क्यों करवाई? मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की गई? मुझे क्यों पीटा गया? अब अचानक से उनमें सामाजिक जागृति आ गई है। वे सब साथ हैं। वे अलग नहीं हुए हैं। चुनाव नजदीक हैं, इसीलिए उन्होंने ऐसा कदम उठाया और यह ड्रामा किया।

ऐश्वर्या राय ने कहा कि मुझे अपने तलाक की जानकारी मीडिया से मिली। मुझे जो भी जानकारी मिली वह सब मीडिया के जरिए मिली। मुझे नहीं पता था कि क्या हो रहा है। उनसे पूछिए, मेरी जिंदगी बर्बाद करने की क्या जरूरत थी? जब मुझे पीटा गया तो उनका सामाजिक न्याय कहां था? उनसे पूछिए, मेरा क्या?... वे हर चीज का दोष मुझ पर मढ़ देते हैं। अब जब यह बात सामने आ गई है, तो उसका 12 साल से अफेयर चल रहा है और महिला को दोषी ठहराना सबसे आसान तरीका है। मुझे न्याय कब मिलेगा? मैं अपनी लड़ाई जारी रखूंगी। आपको बता दें कि बिहार के पूर्व मंत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके विवाद खड़ा कर दिया कि वह अनुष्का यादव के साथ रिलेशनशिप में हैं। उन्होंने युवती के साथ अपनी एक फोटो भी शेयर की, जिसके कैप्शन में लिखा, "इस तस्वीर में जो दिख रही है, वह अनुष्का यादव है। हम पिछले 12 सालों से एक-दूसरे को जानते हैं। हम प्यार में हैं और 12 सालों से रिलेशनशिप में हैं।" इसके तुरंत बाद, तेज प्रताप ने दावा किया कि उनका फेसबुक अकाउंट "हैक" हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें और उनके परिवार को "बदनाम और परेशान" करने की कोशिश की जा रही है। लालू प्रसाद ने रविवार को अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार के कारण छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया और उनके साथ सभी पारिवारिक संबंध भी तोड़ दिए। प्रसाद ने दोपहर में सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में यह घोषणा की। लालू प्रसाद ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना सामाजिक न्याय के लिए हमारे सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है।

## अदालत ने यूट्यूबर ज्योति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा, हिसार कोर्ट में हुई थी पेशी

पेशी के दौरान कोर्ट के अंदर के गेट बंद कर दिए गए थे और भारी पुलिसबल को मौके पर तैनात किया गया था।ज्योति को इससे पहले पांच दिन और दूसरी बार चार दिन के रिमांड पर लिया गया था। रविवार शाम को चार दिन का रिमांड खत्म होने के बाद ज्योति को कोर्ट में पेश किया गया।

ज्योति को सुबह ही कोर्ट में पेश किए जाने के कयास लगाए जा रहे थे लेकिन पुलिस ज्योति को करीब साढ़े तीन बजे कोर्ट में लेकर पहुंची। आज यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि हिसार एसपी शशांक कुमार ज्योति की कोर्ट में पेशी के बाद प्रेसवार्ता भी कर सकते हैं। वहीं, पुलिस को ज्योति के मोबाइल से डिलीट की गई कॉल डिटेल की रिपोर्ट मिल गई है। हालांकि अभी लैपटॉप से डिलीट डाटा की रिपोर्ट नहीं आई है।

## सपा-कांग्रेस की बढ़ती दूरी से बसपा को सियासी फायदे की आस

जिसके लिए सपा से ज्यादा बसपा फायदेमंद लग रही है।

लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने बसपा को भी साथ जोड़ने की असफल कोशिश की थी। हालांकि बसपा ने बीते कई चुनाव अकेले दम पर लड़ कर साफ कर दिया है कि वह किसी भी दल के साथ गठबंधन करने के पक्ष में नहीं है। पार्टी सूत्रों की मानें तो बसपा आगामी पंचायत चुनाव से दूरी बनाकर रखेगी, ताकि डेढ़ साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को मजबूत किया जा सके। बसपा सुप्रीमो मायावती पहले ही गठबंधन से पार्टी को फायदे की जगह नुकसान होने की बात कह चुकी हैं। वह अपने बयानों में कांग्रेस पर खासा हमलावर भी रहती हैं।

गिरीश और मलूक सॉफ्ट, हाथी की चाल हो रही तेज-दरअसल, कांग्रेस और सपा के बीच बढ़ती दूरी ने कई नेताओं की बेचैनी भी बढ़ा दी है। पूर्व बसपा सांसद गिरीश चंद्र पार्टी में वापसी कर चुके हैं तो हाल ही में आकाश आनंद को चीफ नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाए जाने का स्वागत पूर्व बसपा सांसद मलूक नागर ने किया है। बसपा नेता लगातार जिलों में काडर कैंप आदि के जरिये अन्य दलों के नेताओं को पार्टी में शामिल करा रहे हैं। वहीं तीनों नेशनल कोऑर्डिनेटर अन्य राज्यों में पार्टी का जनाधार बढ़ाने में जुटे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव के बाद यूपी में भी बड़े पैमाने पर पार्टी सदस्यता अभियान शुरू करने जा रही है।

## वैरिएंट खतरनाक नहीं फिर क्यों हो रही मौतें?

इस वैरिएंट में कुछ अतिरिक्त म्यूटेश देखे गए हैं जो इसकी संक्रामकता दर को बढ़ा देता है और इसे शरीर में बनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को आसानी से चकमा देकर संक्रमित करने के लिए आसान बनाता है। छऋ7 की प्रकृति भी अत्यंत संक्रामक है। ये दोनों ओमिक्रॉन के ही सब-वैरिएंट्स हैं, ओमिक्रॉन ज्यादा संक्रामकता वाला तो रहा है पर इसके कारण गंभीर रोग कम देखे जाते रहे हैं।

फिर लोगों की मौत क्यों हो रही है?- देश में फैल रहा वैरिएंट ज्यादा खतरनाक नहीं माना जा रहा है फिर इस बार अस्पताल में भर्ती होने और मौत के मामले क्यों बढ़ रहे हैं? इस बारे में समझने के लिए हमने मुंबई स्थित एक अस्पताल में इंटेंसिव केयर यूनिट और कोरोना के मरीजों इलाज करने वाले डॉक्टर निरंजन अस्थाना से बातचीत की।

डॉक्टर बताते हैं, ये वैरिएंट खतरनाक नहीं है, ओमिक्रॉन के कारण देश में पहले भी संक्रमण के केस सामने आए थे, लोग आसानी से ठीक भी हुए थे। ओमिक्रॉन और इसके तमाम सब-वैरिएंट्स में देखे गए म्यूटेशन इसको संक्रामक बनाते हैं, उन लोगों को भी खतरा हो रहा सकता है जिनका टीकाकरण हो चुका है, पर इसे गंभीर रोगकारक नहीं माना जाता है।

देश में एक हफ्ते में 7 लोगों की कोरोना से मौत हुई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं इसमें में अधिकतर वे लोग हैं जिन्हें कोमोरबिडिटी रही है यानी वो पहले से एक से अधिक क्रॉनिक बीमारियों (डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग) का शिकार रहे हैं। ऐसे लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिसके चलते संक्रमण के गंभीर रूप लेने का खतरा हो सकता है। हालांकि लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। हफ्ते भर में कोरोना के 752 नए मामले सामने आए हैं, जिसमें से 305 रिकवर हो चुके हैं। ज्यादातर लोग घर पर ही ठीक हो रहे हैं।

फिलहाल एहतियातन सभी लोगों को संक्रमण से बचाव के लिए कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करते रहना जरूरी है, वो लोग खास ध्यान रखें जिन्हें कोमोरबिडीटी की समस्या है, 65 साल से अधिक हैं या फिर रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है।

अस्वीकरणः अमर उजाला की हेल्थ एवं फिटनेस कैटेगरी में प्रकाशित सभी लेख डॉक्टर, विशेषज्ञों व अकादमिक संस्थानों से बातचीत के आधार पर तैयार किए जाते हैं। लेख में उल्लेखित तथ्यों व सूचनाओं को अमर उजाला के पेशेवर पत्रकारों द्वारा जांचा व परखा गया है। इस लेख को तैयार करते समय सभी तरह के निर्देशों का पालन किया गया है। संबंधित लेख पाठक की जानकारी व जागरूकता बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। अमर उजाला लेख में प्रदत्त जानकारी व सूचना को लेकर किसी तरह का दावा नहीं करता है और न ही जिम्मेदारी लेता है। उपरोक्त लेख में उल्लेखित संबंधित बीमारी के बारे में अधिक जानकारी के लिए अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

# सीएम ने किया बेसिक शिक्षा परिषद की योजनाओं का डिजिटल उदघाटन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा परिषदीय विद्यालयों की एक दर्जन से अधिक योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया साथ ही कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को ड्रेस, बैग, जूता-मोजा के लिए दी जाने वाली डीबीटी का हस्तांतरण भी किया गया साथ ही निपुण विद्यालयों व विद्यालयों को निपुण बनाने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

मॉडल कंपोजिट विद्यालयों व 67 अभ्युदय कंपोजिट विद्यालयों 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नए भवनों, डारमेट्री का लोकार्पण, शिक्षकों को



51667 टैबलेट का वितरण, 5258 विद्यालयों में आईसीटी लैब, 7409 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास और 503 पीएमश्री विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया।

इसके साथ ही सीएम कक्षा तीन से 12वीं के छात्रों के स्पॉट एसेसमेंट के लिए निपुण प्लस एप, राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान में बने एजुकेशनल ब्रॉडकास्टिंग स्टूडियो का भी लोकार्पण किया गया।

जनपद मेरठ में भी इसी प्रकार का कार्यक्रम विकास भवन मेरठ में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह राज्यसभा सांसद डॉ लक्ष्मणकांत बाजपेई कैंट विधायक अमित अग्रवाल महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी एवं महापौर हरिकांत अहलूवालिया जिलाधिकारी वीके सिंह मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशा चौधरी उपस्थित रहे तथा यहां पर भी जनपद के शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिनमें नगर क्षेत्र मेरठ से विद्यालय निपुण होने पर प्राथमिक विद्यालय कृष्णपुरी के प्रधानाध्यापक विनीत गुप्ता को प्रशस्ति पत्र देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

# नोबेल विजेता कैलाश सत्यार्थी के संग दुनिया में शांति और मानवता का उजियारा बिखेरेंगे अमन कुमार

बागपत। सामाजिक बदलाव की दिशा में सतत प्रयासरत बागपत जिले के युवा सामाजिक कार्यकर्ता अमन कुमार ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन की ओर से आयोजित सत्यार्थी समर स्कूल 2025 के लिए अमन का चयन दुनियाभर से चयनित शीर्ष 25 युवाओं में हुआ है। यह समर स्कूल 8 जून से नई दिल्ली में आयोजित होगा। अमन कुमार के कार्यों व उपलब्धियों के दम पर उन्हें इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के प्रथम बैच में ही शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। फेलोशिप के उपरांत, अमन कुमार को विश्व के पहले 'ग्लोबल कम्पैशन एम्बेसडर' के रूप में मान्यता प्राप्त होगी। अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की करुणा और शांति की परंपरा को आगे बढ़ाने का दायित्व अमन कुमार जैसे ग्रामीण युवा को मिलना जिले के लिए गौरव की बात है।



अमन कुमार इस प्रतिष्ठित मंच पर उत्तर प्रदेश से चयनित एकमात्र युवा हैं। सत्यार्थी समर स्कूल 2025 में अमेरिका, फ्रांस, रूस, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, इटली जैसे 22 देशों और 250 विश्वविद्यालयों से आए 1200 से अधिक आवेदनों में से चार चरणों की कड़ी चयन प्रक्रिया के उपरांत केवल 25 प्रतिभागियों को चयनित किया गया है। यह एक माह की आवासीय फेलोशिप जून माह में दिल्ली के मुक्ति आश्रम और राजस्थान के विराटनगर स्थित बाल आश्रम में आयोजित होगी। इस दौरान प्रतिभागियों को दयालुता, सामाजिक न्याय, और करुणामूलक नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी सहित वैश्विक विचारकों, सामाजिक कार्यकताओं और नीति निमार्ताओं के साथ संवाद करने का अनूठा अवसर मिलेगा।

अमन ने बताया कि एक ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले युवा के रूप में इस प्रतिष्ठित फैलोशिप में चयनित होना मेरे लिए बहुत प्रेरक क्षण है। वर्तमान समय में जब दुनिया में विभाजन, असमानता और संघर्ष बढ़ रहे हैं, ऐसे में करुणा, सह-अस्तित्व और शांति का संदेश फैलाना ही सच्चा नेतृत्व है। मुझे विश्वास है कि सत्यार्थी समर स्कूल से प्राप्त अनुभवों से मैं अपने समुदाय और देश के लिए और प्रभावी कार्य कर सकूंगा꠱ वहीं उन्होंने विवेकानंद युवा पुरस्कार के तहत प्राप्त धनराशि का एक निर्धारित हिस्सा शांति और दयालुता के क्षेत्र में कार्य करने हेतु समर्पित करने की घोषणा भी की है।

# दिल्ली-मेरठ मार्ग पर ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई, बेतरतीब पार्किंग से घंटों लगा रहा जाम



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,।**

मोदीनगर। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर सोमवार को यातायात व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ा गई। राजचौपले के पास सड़क किनारे मनमाने ढंग से खड़े वाहनों ने जाम की स्थिति पैदा कर दी। हापुड़ रोड फाटक के पास रेल फाटक बंद होने के चलते हालात और बिगड़ गए।

देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। राजचौपले से लेकर महेंद्रपुरी गेट तक सड़क पर वाहन रेंगते नजर आए। हालात इतने खराब हो गए कि दोपहिया वाहन चालकों को भी निकलने में कठिनाई हुई।

हैरानी की बात यह रही कि पूरे घटनाक्रम के दौरान मौके पर कोई यातायात पुलिसकर्मी तैनात नहीं दिखा। यात्री घंटों जाम में फंसे रहे। परेशान लोगों ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा कर प्रशासन को अवगत कराया।

# जिले में ट्रांसफर नीति की उड़ रही धज्जियां, मठाधीश बन बैठे अधिकारी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बागपत। प्रदेश सरकार द्वारा हर वर्ष जारी की जाने वाली ट्रांसफर नीति का इस बार भी जनपद बागपत में कुछ अधिकारियों पर कोई असर नहीं दिख रहा। शासन ने 6 मई को स्पष्ट गाइडलाइन जारी की कि तीन साल से अधिक समय से एक ही जिले में तैनात अधिकारियों का अनिवार्य रूप से स्थानांतरण किया जाएगा, लेकिन बागपत में ऐसे आधा दर्जन से अधिक अधिकारी हैं, जो तीन नहीं, सात से सोलह साल तक से जमे हुए हैं।

जानकारी के अनुसार, कुछ अधिकारी तो स्टे लेकर या उच्चाधिकारियों से सांठगांठ कर, नियमों को धता बताते हुए अब तक जिले में डटे हुए हैं। हालात यह हैं कि कई अधिकारियों के पास एक साथ 4-5 मलाईदार विभागों का प्रभार है।

कौन हैं ये मठाधीश अधिकारी? डॉ. यशवीर (डिप्टी सीएमओ) – 16 साल से जिले में तैनात राहुल भाटी (जिला सूचना अधिकारी) – 9 साल से जमे तूलिका शर्मा (पिछड़ा वर्ग अधिकारी) – 8 साल से जिला नहीं छोड़ा, विभागीय लापरवाही पर प्रतिकूल प्रविष्टि और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच तक चल रही है विवेक वर्मा (अपर बचत अधिकारी) – 8 साल से लगातार बागपत में विनीता सिंह (सहायक श्रमायुक्त) – स्थानांतरण आदेश के बावजूद हाईकोर्ट से स्टे लेकर जिला छोड़ने से इनकार अर्चना तिवारी (उपायुक्त उद्योग), बाल गोविंद सिंह (जिला कृषि अधिकारी) – तीन साल से अधिक तैनाती सूत्र बताते हैं कि कुछ अधिकारियों द्वारा हर साल ꠱प्रसाद꠱ चढ़ाकर जिले में बने रहने की सांठगांठ की परंपरा बना ली गई है। ये अधिकारी इतने प्रभावशाली हो चुके हैं कि स्थानीय प्रशासन और शासन के नियम इनके आगे बौने नजर आते हैं।

जनता और शासन दोनों असहाय?- जिला प्रशासन और शासन को स्पष्ट रूप से जानकारी होते हुए भी अब तक कोई कठोर कार्रवाई नहीं की गई है। आम जनमानस में सवाल उठ रहे हैं कि क्या बागपत ट्रांसफर नीति से बाहर है या फिर कुछ अधिकारी नियमों से ऊपर हैं?

अब देखने वाली बात यह है कि प्रदेश सरकार अपनी घोषित ट्रांसफर नीति को लागू करने का साहस दिखाएगी या फिर यह मठाधीशी व्यवस्था ऐसे ही चलती रहेगी।

# दोस्तों के साथ गंगनहर में नहाने गया था जतिन, गहराई में पहुंचने से डूबा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गाजियाबाद। दिल्ली और सूरजपुर के तीन युवक गंगनहर में नहाते समय तेज बहाव में डूब गए। पुलिस गोताखोरों की मदद से उनकी तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला। दोस्तों के साथ गंगनहर में नहाने के लिए गया एक युवक पानी के तेज बहाव में बह गया। पुलिस गोताखोरों की मदद से उसकी भी तलाश कर रही है। दिल्ली के हर्ष विहार कॉलोनी निवासी जतिन (27) पुत्र वीरपाल सिंह रविवार शाम अपने दोस्त राहुल व विवेक के साथ मुरादनगर स्थित गंगनहर में नहाने के लिए गया था। वह नहर में नहाते समय गहरे पानी में पहुंच गया और डूबने लगे। अपने को डूबता देखकर जतिन ने शोर मचाया। शोर सुन वहां पर मौजूद युवकों ने उसे बचाने का भरकस प्रयास किया, लेकिन वह पानी के तेज बहाव में बह गया।

# सर्वार्थ सिद्धि ,मातंग,शोभन और सुकर्मा योग में होगी वट सावित्री पूजा

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

गाजियाबाद। वट सावित्री पूजन 27 मई को है। चार विशेष योग में इस बार वट सावित्री पूजन होगा। पंडित शिवकुमार शर्मा ने बताया इस बार सर्वार्थ सिद्धि योग, मातंग योग, शोभन योग और सुकर्मा योग का शुभ संयोग बन रहा है। इसी दिन शनि जयंती और रोहिणी व्रत भी होगा।

पंडित शिवकुमार ने बताया कि 27 मई को सुबह ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि है जो सुबह 8:31 बजे तक रहेगी इसके बाद प्रतिपदा आ जाएगी। सावित्री व्रत ,वट पूजन और शनि जयंती उदयकालीन तिथि में मनाने का विधान है इसलिए 27 मई को ही यह पर्व मनाए जाएंगे। कुछ लोग 26 को दोपहर में अमावस्या तिथि होने की वजह से 26 को भी पूजन करेंगे। उन्होंने बताया कि सुबह 5:26 बजे तक कृतिका नक्षत्र है उसके बाद पूरे दिन रोहिणी नक्षत्र रहेगा। इसीलिए रोहिणी व्रत भी 27 मई को ही रखा जाएगा। सौभाग्यवती महिलाएं इस बार वट सावित्री व्रत और रोहिणी व्रत एक ही तिथि को रखेंगे। ऐसा संयोग वर्षों बाद आता है। पंडित दुलीदत्त कौशिक ने बताया कि वट सावित्री पूजन व्रत के पीछे एक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार सावित्री ने अपने अल्पायु पति सत्यवान की मृत्यु के पश्चात अपने पातिव्रत धर्म का पालन करने के करते हुए साक्षात यमराज से अपने पति के प्राण वापस मांग लिए थे। साथ ही साथ अपने ससुर का राज्य भी शत्रुओं से वापस ले लिया था।

व्रत का विधान-सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करने के बाद सोलह श्रृंगार करके बरगद के वृक्ष को कलावा लपेट कर, धूप-दीप- नैवेद्य से पूजन करें। भगवान लक्ष्मी नारायण ,शिव पार्वती की पूजा करें और उनसे प्रार्थना करें। उसके बाद सावित्री-सत्यवान की कथा सुनने के बाद घर की बड़ी-बुजुर्ग महिला को बायना दें और उनसे अखंड सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद प्राप्त करें।

शनि जयंती पर करें दान-पुण्य-शास्त्रों के अनुसार सूर्य पुत्र शनि का जन्म ज्येष्ठ अमावस्या को बताया जाता है। हर वर्ष इसी दिन भगवान शनि देव की जयंती मनाई जाती है। जिन जातकों की शनि की महादशा , साढ़ेसाती और ढैया चल रही है वह इस दिन विशेष पूजन करें, तेल का अभिषेक करें। शनि चालीसा का पाठ या शनि स्त्रोत का पाठ करें।

# धर्म सदा सृष्टि के आदि से अंत तक रहता है : प्रियंका आर्या

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

बागपत। महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल अग्रवाल मंडी टटीरी में सरोदेशिक आर्य युवती परिषद उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में योग एवं चरित्र निर्माण शिविर के तृतीय दिन बच्चों को हवन करना, संध्या करना, बौद्धिक कक्षा मैं परमात्मा के विषय में बताया गया तथा शारीरिक प्रशिक्षण में योगासन, लाठी चलाना, चाकू छोरे का प्रहार करना और रोकना, दंड बैठक, सूर्य नमस्कार, रस्सा मलखम सिखाया गया।

शिविर व्यवस्थापिका प्रियंका आर्य ने शिविर में बताया कि प्रमात्मा अवतार नहीं लेता है उसे अपनी सत्ता चलाने के लिए किसी अन्य



की सहायता की आवश्यकता नहीं होती और समान प्रसव होने से सभी मनुष्यों की एक ही जाति होती है समाज में जो भी दिखाई देता है वे सब अलग अलग व्यवसाय है ना कि जाति धर्म एक सारवकालिक, सारभौमिकत, सनातन जीवन पद्धति है और मजहब अलग अलग समय पर व्यक्ति विशेष द्वारा चलाए गए विचार है। धर्म सदा सृष्टि के आदि से अंत तक रहता है और मजहब बनते बिगडते रहते हैं। योगाचार्य अक्षिता मुनी आर्य ने कहा कि योग के कई मानसिक लाभ है जैसे स्वास्थ्य में सुधार, एकाग्रता का बढ़ना, आत्मविश्वास में वृद्धि, और जीवन के प्रति आशावादी डिस्ट्रिक्ट। इस मौके पर शिविर के प्रेरणा स्रोत ब्रह्मचारी रामफल आर्य शुक्रताल राकेश कुमार आर्य, सत्यपाल पाली, कनिष्क, अंशु, दिव्यांशी, मोक्षी, सोनम व्यायाम शिक्षिका प्रीति आर्य आदि उपस्थित रहे।

# पति की लम्बी उम्र के लिए सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री व्रत की पूजा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बागपत। -वट सावित्री व्रत की पूजा के लिए बागपत में सुहागिन महिलाओ ने अपने पति की दीघार्यु, सुख-समृद्धि और लम्बी उम्र के लिए बरगद के पेड़ की पूजा की गई ' महिला प्रिया, लक्ष्मी, पूजा, पिंकी ने बताया हर वर्ष ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि अखंड सौभाग्य के लिए सुहागन महिलाएं व्रत करती हैं. यह व्रत सावित्री-सत्यवान की कथा पर आधारित है, जिसमें देवी सावित्री ने अपने तप, बुद्धि और संकल्प से यमराज से अपने पति को पुनः जीवन दिलवाया था. वट सावित्री व्रत में महिलाएं वट वृक्ष (बरगद का पेड़) की पूजा अर्चना करती हैं. धार्मिक मान्यता के अनुसार, वट वृक्ष को त्रिमूर्ति यानी ब्रह्मा, विष?णु और महेश का प्रतीक माना जाता है. इस वृक्ष की पूजा करने से सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है' घरो में महिलाएं पकवान बनाती है उसके बाद शाम को व्रत खोला जाता है

# वांछित अपराधी की गिरफ्तारी के दौरान पुलिस टीम पर हमला, सिपाही की मौत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,।**

गाजियाबाद। जिले में एक बड़े आपराधिक घटनाक्रम के तहत एक पुलिस जवान की जान चली गई। यह हादसा उस समय हुआ जब नोएडा पुलिस की टीम एक वांछित अपराधी को पकड़ने नाहल गांव पहुंची थी। आरोपी की गिरफ्तारी के दौरान अन्य लोगों पुलिस पर हमला बोल दिया। हमले में कांस्टेबल सौरभ देशवाल को गोली लग गई, जिससे उनकी मौत हो गई।

मामला मसूरी थाना क्षेत्र के नाहल गांव का है। रविवार रात नोएडा की क्राइम ब्रांच और फेस–3 थाना पुलिस ने वांछित बदमाश कादिर की गिरफ्तारी के लिए गांव में



दबिश दी। टीम ने कादिर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन गिरफ्तारी की खबर फैलते ही गांव के कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव और फायरिंग शुरू कर दी।

इस हमले में फेस–3 थाना, गौतमबुद्धनगर में तैनात सिपाही सौरभ देशवाल को सिर में गोली लग गई। उन्हें तत्काल यशोदा अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सौरभ मूल रूप से शामली जिले के निवासी थे और वर्तमान में नोएडा पुलिस में तैनात थे।

डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने बताया कि घटना के दौरान आरोपी कादिर को पुलिस ने पकड़ लिया है। हमले के संबंध में फेस–3 थाना के उपनिरीक्षक सचिन की तहरीर पर मसूरी थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। फिलहाल घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित कर दी गई हैं।

महिलाओं पर केस ■ घोटाले के खिलाफ प्रदर्शन करने वाली महिलाओं पर केस,

# महिला प्रदर्शनकारियों में रोष

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

मोदीनगर । कोतवाली क्षेत्र की गोविंदपुरी पुलिस चौकी के सामने शुक्रवार को दिल्ली–मेरठ मार्ग पर सड़क जाम करने के मामले में पुलिस ने 20 से 25 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह कार्रवाई महिलाओं के एक समूह द्वारा धोखाधड़ी के आरोपी के खिलाफ प्रदर्शन के बाद की गई है, जिससे आंदोलनकारी महिलाओं में भारी आक्रोश है।

विजयनगर कॉलोनी निवासी गीता, पूनम, संगीता, मीनाक्षी, किरण, रजनी, पूजा, कविता, संजू और शिमला समेत करीब 15 से अधिक महिलाओं ने संतपुरा कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिलाओं का कहना है कि उन्हें सरकारी योजना के तहत 50,000



रुपये का ब्याज मुक्त ऋण दिलाने का झांसा दिया। इसके लिए उनसे आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज लिए गए, जिनका उपयोग कर कई बैंकों में उनके नाम से खाते खोले गए।

इन खातों में कथित रूप से लाखों रुपये का अवैध लेनदेन (ब्लैक मनी) किया गया। जब महिलाओं को इस धोखाधड़ी की जानकारी मिली, तो उन्होंने व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर गोविंदपुरी चौकी का रुख किया।

महिलाओं का आरोप है कि चौकी प्रभारी ने शिकायत दर्ज करने के बजाय उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। इसके विरोध में महिलाओं ने चौकी के सामने दिल्ली–मेरठ मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया और नारेबाजी की। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझा–बुझाकर जाम समाप्त करवाया।

हालांकि, इसके तुरंत बाद गोविंदपुरी चौकी प्रभारी की तहरीर पर पुलिस ने 20–25 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ सड़क जाम और सरकारी कार्य में बाधा डालने की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर दी। इस कार्रवाई के बाद महिलाओं ने पुलिस पर आरोपी से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई।

एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि महिलाओं की शिकायत पर एंटी फ्रॉड सेल द्वारा जांच की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# संपादकीय

## सत्ता का अस्त्र बनने पर कोर्ट की फटकार

यह कोई नई बात नहीं है कि देश की जांच एजेंसियों पर सरकार की आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करने को लेकर विपक्षी राजनीतिक दलों की तरफ से पक्षपात के आरोप लगे हों। सरकारी जांच एजेंसियों को वे विपक्ष के नेताओं को डराने-धमकाने का हथियार बताते रहे हैं। अब इन्हीं चिंताओं और सवालों पर देश की शीर्ष अदालत ने भी मोहर लगाई है। विपक्षी नेता खासकर धनशोधन निरोधक अधिनियम के तहत की जा रही कार्रवाइयों पर रोक लगाने की गुहार लगाते रहे हैं। उनका आरोप रहा है कि प्रवर्तन निदेशालय सरकार के हितों की पूर्ति के लिये दुराग्रह से कार्रवाई करता है। हालांकि, अदालत का मानना रहा है कि भ्रष्टाचार,देशविरोधी गतिविधियों तथा आतंकवादी संगठनों को मदद पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई अतार्किक नहीं है। सवाल इस बात को लेकर भी उठते रहे हैं जितने आरोप पत्र ईडी द्वारा दायर किए जाते हैं, उसकी तुलना में दोषसिद्धि की संख्या में बेहद ज्यादा अंतर क्यों है। जो इस बात की ओर इशारा करता है कि मामले दुराग्रह से प्रेरित होते हैं। अदालत भी मानती है कि ठोस प्रमाण के बिना किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। लेकिन एक हालिया मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कारगुजारियों पर कोर्ट ने उसे कड़ी फटकार लगाते हुए सीमाएं लांघकर संघीय ढांचे के अतिक्रमण करने की बात कही है। कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु में शराब की दुकानों के लाइसेंस देने में बरती गई कथित धांधली में राज्य विपणन निगम के विरुद्ध धनशोधन मामले में ईडी की जांच पर की है।

दरअसल, निगम द्वारा शीर्ष अदालत में मामला ले जाए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने न केवल जांच रोकी बल्कि ईडी की कारगुजारियों पर सख्त टिप्पणियां भी की हैं। निस्संदेह, ईडी को इस सुप्रीम नसीहत पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। कोर्ट को यहां तक कहना पड़ा कि प्रवर्तन निदेशालय संघीय अवधारणा का उल्लंघन कर रहा है। उल्लेखनीय है कि पीएमएलए की धाराओं के दुरुपयोग को लेकर शीर्ष अदालत पहले भी ईडी के खिलाफ सख्त टिप्पणी कर चुकी है। निस्संदेह, अदालत की इस सख्त टिप्पणी से उन तमाम विपक्षी दलों को संबल मिलेगा जो आए दिन ईडी व अन्य जांच एजेंसियों का सत्तापक्ष द्वारा दुरुपयोग करने का आरोप लगाते थे। वहीं दूसरी ओर तमिलनाडु राज्य विपणन निगम की दलील थी कि जिन शराब की दुकानों के लाइसेंस देने में अनियमितताओं के मामले में ईडी ने हस्तक्षेप किया है, उसमें वर्ष 2014 से कार्रवाई की जा रही है। साथ ही इस मामले में चालीस से अधिक प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। वहीं निगम कई मामलों में शिकायतकर्ता है। ऐसे में इस मामले में ईडी के कूदने पर सवाल उठे हैं। यही वजह है कि कोर्ट ने ईडी की इस जांच पर रोक लगा दी है। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु सरकार भी ईडी की कार्रवाई को संवैधानिक अधिकारों व संघीय ढांचे का उल्लंघन बताती रही है। विश्वास किया जाना चाहिए कि कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बाद ईडी केंद्र की इच्छाओं के अनुरूप आंख बंद कर कार्रवाई करने की बजाय अपनी कार्यशैली में अपेक्षित परिवर्तन करेगी।

# मैं बागपत हूँ - खंड 14: बिनौली - मिट्टी, महाभारत और स्वतंत्रता की चेतना



**लेखक के दो शब्द - सुरेंद्र मलानिया द्वारा (भावपूर्ण निवेदन)**

जब मैंने मैं बागपत हूँ लेखमाला की कल्पना की थी, तब यह केवल एक विचार था–एक बेचैनी, एक तड़प कि हमारे गांव, हमारी धरती, हमारी विरासत कहीं खो न जाए। परंतु जैसे-जैसे लेख एक के बाद एक सामने आते गए, मुझे अहसास हुआ कि यह केवल मेरी यात्रा नहीं रही–यह पूरे बागपत की आत्मा की पुकार बन गई।

पाठकों का आभार

मैं नतमस्तक हूँ उन हजारों पाठकों के प्रति, जो रोज सुबह 5 बजे से ही अपने मोबाइल में नेशनल प्रेस टाइम्स की पीडीएफ के लिए मैसेज, फोन और व्हाट्सएप करने लगते हैं। आपकी यह उत्सुकता, आपकी भावनाएं, आपका अपनापन ही मेरी लेखनी को ऊर्जा देता है।

नेशनल प्रेस टाइम्स संस्थान का मैं विशेष रूप से आभार प्रकट करता हूँ, जिसने इस लोक-गाथा को केवल प्रकाशित नहीं किया, बल्कि बागपत की माटी से निकलते स्वरों को देशभर तक पहुंचाया। इस यात्रा को संजीवनी दी, सम्मान दिया, और नई पीढ़ी तक इतिहास की विरासत को पहुँचाने का माध्यम बना। खंड 1 से 13 तक की यह आत्मिक यात्रा खंड 1: बरनावा -जहां से लाक्षागृह की चिंगारी जली थी, और पांडवों की पहली रक्षा हुई थी। खंड 2: सिनौली -वो धरती जिसने हमारे पूर्वजों की समाधियाँ और रथ दुनिया को दिखाए। खंड 3: अमीनगर सराय -जहां हर ईंट इतिहास कहती है, और हर दीवार ने आक्रमणों को सहा है। खंड 4: माया त्यागी कांड -एक महिला की अस्मिता पर प्रहार ने पूरे देश को झकझोर दिया, और न्याय की पुकार इतिहास में दर्ज हो गई। खंड 5: चौधरी चरण सिंह -धरती पुत्र, जिनकी आत्मा आज भी किसानों की सांसों में बसती है। खंड 6: बसौद -क्रांति की भूमि, जहाँ से ह्रदिल्ली चलोह की गूंज अंग्रेजों को डराने लगी थी। खंड 7: बड़का -बिजरौल बाबा शाहमल की आत्मा का मौन स्मारक, जो क्रांति की आग को सहेजता रहा।

खंड 8: बागपत नगर -एक प्रशासनिक केंद्र जो इतिहास और वर्तमान का संगम बन गया। खंड 9: मलकपुर -बौद्धिक आंदोलन की जमीन, जिसने शिक्षा और संघर्ष दोनों में स्थान बनाया। खंड 10: जौहड़ी -जहाँ हर




खेत एक सैनिक, और हर किसान एक सिपाही बना। खंड 11: कोताना -जहां के कुओं ने पानी नहीं, आत्मबल पिलाया है। खंड 12: तिलवाड़ा -संस्कृति, सेवा और सरोकारों की सजीव मिसाल। खंड 13: खेकड़ा -बाबा शाहमल का गुप्त केंद्र, जहाँ की चौपालें आज भी फुसफुसा कर क्रांति सुनाती हैं। अब जब हम खंड 14: बिनौली की ओर बढ़े हैं, तो यह महसूस होता है कि यह यात्रा सिर्फ कागज पर शब्दों की नहीं थी -यह दिल से दिल तक पहुँची हुई एक रूहानी यात्रा है। मैं एक बार फिर झुककर आप सभी पाठकों को प्रणाम करता हूँ, जिन्होंने मेरे शब्दों को अपना भाव बना लिया।और मैं वादा करता हूँ -यह लेखमाला तब तक चलेगी, जब तक बागपत का हर गांव बोल उठे: मैं बागपत हूँ। मैं बागपत हूँ -खंड 14: बिनौली -मिट्टी, महाभारत और स्वतंत्रता की चेतना जहाँ हर सुबह इतिहास की सांसों से भीगी होती है,जहाँ मिट्टी में अर्जुन की चौकसी और शाहमल की गर्जना गूँजती है वहाँ का नाम है -बिनौली।

बिनौली: इतिहास की गोद में बैठा एक गाँव बिनौली, बागपत जनपद का एक प्रमुख क्षेत्र, सिर्फ एक भूगोलिक बिंदु नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से एक जिंदा दस्तावेज है। यह गाँव न केवल कृषि समृद्ध रहा है, बल्कि यहां की सामाजिक चेतना, वीरता और अध्यात्म भी अद्भुत है।

महाभारतकालीन संगतिः बिनौली और बरनावा का संबंध बिनौली, बरनावा से महज 2ह3 किलोमीटर दूर है। यह दूरी केवल भूगोल की नहीं, इतिहास की भी है। बरनावा जिसे प्राचीन वर्णावत कहा जाता है, पांडवों की लाक्षागृह कांड से जुड़ा हुआ स्थल माना जाता है। यह भी अनुमान है कि बिनौली और इसके आसपास के क्षेत्र पांडवों की कूटनीति और कौरवों की चालबाजी के साक्षी रहे होंगे। यहाँ की भूमि के हर टुकड़े में मानो महाभारत की गूंज है -एक चेतावनी कि छल के सामने भी धर्म डटा रह सकता है।

**1857: जब बिनौली जला नहीं, जगा था**

1857 की क्रांति केवल दिल्ली, मेरठ, या लखनऊ की नहीं थी। यह गांव-गांव की चेतना थी, और बिनौली इसका ज्वलंत उदाहरण। बिनौली के वीरों ने बाबा शाहमल के नेतृत्व में ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ बिगुल फूँका। खेतों की मिट्टी, तलवारों के लिए तेज की गई, और हल चलाने वाले हाथ स्वतंत्रता की मशाल थामकर खड़े हो गए। जिन प्रमुख लोगों ने क्रांति में भाग लिया उनमें शामिल हैं: बाबा शाहमल -बिनौली और बड़का क्षेत्र के नायक, जिन्होंने अपने नेतृत्व में हजारों किसानों को संगठित किया। साहब सिंह बैसला -जो आगे चलकर ब्रिटिश टुकड़ियों से सीधी टक्कर में लड़े रामनाथ पंडित -एक विद्वान जिनकी चौपालें क्रांति की बैठकों का अड्डा बनीं। धर्मवीर मलिक, शिवचरण त्यागी, लखमी जाट -ये नाम आज भले इतिहास की किताबों में न हों, पर बिनौली की मिट्टी उन्हें रोज याद करती है। बिनौली और आसपास के गाँवों से सैकड़ों युवा मेरठ, दिल्ली और बड़ौत की ओर कूच कर गए। उन्होंने न केवल हथियार उठाए, बल्कि एक विचार उठाया -स्वतंत्रता।

बिनौली के नायकः समाजसेवा और नेतृत्व की पहचान स्वतंत्रता के बाद बिनौली सामाजिक परिवर्तन का केंद्र रहा। यहाँ के लोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, और सामाजिक समरसता में उल्लेखनीय योगदान दिया।

**कुछ प्रमुख नामः**

चौधरी रघुवीर सिंह -सामाजिक न्याय के पुरोधा, जिन्होंने स्थानीय स्कूलों और पंचायतों में सुधार की नींव रखी। श्रीमती सुभद्रा देवी -महिला शिक्षा की प्रचारक, जिन्होंने 70 के दशक में महिला पाठशालाएं शुरू कीं। श्री नरेशपाल त्यागी -सामाजिक कार्यकर्ता और किसानों की आवाज। राजनीतिक क्षेत्र में भी बिनौली के लोगों ने योगदान दिया है, हालांकि ये गाँव अपेक्षाकृत शांत स्वभाव वाला रहा।

**बदलती तस्वीर और भविष्य की उम्मीद**

आज बिनौली विकास की राह पर अग्रसर है। आधुनिक स्कूल, सड़कें, और कृषि यंत्रीकरण ने इस क्षेत्र को नए युग से जोड़ा है, लेकिन फिर भी अपनी आत्मा को बचाए हुए है। यहाँ के युवा अब भी खेतों से निकलकर सेना, पुलिस और प्रशासन में जाकर देश सेवा कर रहे हैं। गाँव की बेटियाँ भी अब शिक्षित होकर डॉक्टर, शिक्षक और इंजीनियर बन रही हैं। बिनौली -जहाँ मिट्टी इतिहास

# जड़ों से उखड़े लोगों को फिर से बसाने की चुनौती

पिछले दिनों ऑपरेशन सिंदूर ने पहलगाम आतंकी की विधवाओं और आतंकवाद से लड़ते शहीद हुए जवानों की विधवाओं का दर्द कम करने और अनाथ हुए बच्चों को संबल देने की कोशिश की। सत्ता ने भी इन आवाजों में सुर मिलाते हुए, आततायियों को सबक सिखा दिया गया। लेकिन उन लोगों के दर्द का क्या, जो सरहद के गांवों से विस्थापित होकर अपने घर-बार समेट कर अनजाने ठिकानों की ओर चल पड़े?

पंजाब की सीमाओं पर तो ऐसे खेत भी हैं जो आधे हिस्से में सरहद के पार चले जाते हैं। कहीं फसलें समय से पहले काट ली गईं, और जहां नहीं काटी जा सकीं, वहां न केवल फसलें तबाह हुईं, जिससे किसानों की मेहनत भी मिट्टी में मिल गई। उखड़ना और फिर से बसना–शायद यही इन लोगों की नियति बन गई है।

युद्धविराम के बाद कुछ सरहदी गांवों के लोग जब लौटे, तो उन्हें तबाही का मंजर देखना पड़ा। इस हिंसा के साथ एक और डरावना पहलू भी जुड़ा हो–आतंकी और माफिया गिरोहों की हिंसा, जिन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में अपनी गैर-कानूनी गतिविधियों का जाल फैला रखा है। ये लोग दिनदहाड़े लूटमार करते हैं और लोगों को उनके अपने घरों में ही पराया बना देते हैं। बाढ़, तूफान और हिंसक घटनाएं आम लोगों के जीवन का कटु सत्य बन चुकी हैं। कुल मिलाकर, जो लोग दुर्भाग्यवश अपनी जड़ों से उखड़ गए हैं, उनकी संख्या लाखों तक पहुंच चुकी है। ये विस्थापन न केवल युद्ध और आतंकवाद के कारण हुआ, बल्कि जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई और भूमि-क्षरण जैसी प्राकृतिक आपदाओं ने भी इस त्रासदी को बढ़ाया।

किसान सिर्फ शांति का इंतजार नहीं करता; वह अपनी फसल के लिए समय पर पानी और कटाई के समय साफ मौसम की आशा करता है। लेकिन हालात उलटे हो गए–जहां शांति चाहिए थी, वहां हिंसा मिली; जब पानी की जरूरत थी, तब सूखा पड़ा, और मौसम साफ के समय इतनी मूसलाधार बारिश हुई कि बादल फटने लगे। उधर मणिपुर में भी एक छद्म युद्ध आतंकियों द्वारा जातिगत आरक्षण के मुद्दे को लेकर लड़ा जा रहा है। आगजनी और हिंसा के चलते वर्ष 2024 में मणिपुर से हजारों लोग विस्थापित हुए।

जिनेवा स्थित मॉनिटरिंग सेंटर के अनुसार, केवल असम में ही पिछले एक दशक में आई भीषण बाढ़ों के कारण 25 लाख लोग आंतरिक विस्थापन का शिकार हुए हैं। इसी तरह, देशभर में आए भीषण चक्रवातों ने 16 लाख से अधिक लोगों को उजाड़ दिया। बंगाल की खाड़ी में अक्तूबर 2024 के अंत में आए चक्रवात ह्यदानाह्न ने 10 लाख से अधिक लोगों को विस्थापित कर दिया। त्रिपुरा का भी यही हाल रहा है। पिछले 40 वर्षों में प्रतिकूल मौसम की वजह से वहां 3.15 लाख लोग अपने घरों से उजड़ चुके हैं।

पश्चिम बंगाल में आए चक्रवात ह्यरेमलह्न ने 2 लाख 8 हजार लोगों को उनके घर-द्वार छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया था। इसके साथ ही ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों के उफान के कारण लगभग 3 लाख 38 हजार लोग विस्थापित हुए हैं। निस्संदेह, ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा, लेकिन इस कार्रवाई से सीमा पर बसे लोगों से लेकर दूर-दराज के क्षेत्रों तक की जिंदगियां अव्यवस्थित हो गईं। लोग फिर से अपनी जड़ों से उखड़ने को मजबूर हो गए। जंग, आखिर जंग होती है।

आज जब हम सामान्य जीवन की ओर लौटने की कोशिश कर रहे हैं, यह सोचना जरूरी है–क्या इन उखड़े हुए लोगों को फिर से उनकी जड़ें मिलेंगी? क्या उनके वे सपने, जो बारूद की गंध में घुलकर टूट गए या बिखर गए, दोबारा संवर पाएंगे? जिन नौजवानों की आंखों से भविष्य की चमक धुंधला गई है, उसका समाधान कैसे होगा? स्पष्ट है कि न युद्ध से, न प्रदूषणजनित अव्यवस्था से और न ही प्राकृतिक आपदाओं से मानवीय संकट को दूर करने के गंभीर प्रयास हो रहे हैं। इस दिशा में सत्ता की संवेदनशीलता अपरिहार्य है।

# सामुदायिक शौचालय में कई महीनों से लटक रहा ताला, अधिकारी बने अंजान

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बहराइच। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सरकार द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया है। सरकार का मकसद था, कि शौचालय बनेंगे तो गाँवों में जिन ग्रामीणों के पास शौचालय की सुविधा नहीं है, वह लोग इनका उपयोग कर सकेंगे। जिसके लिए, शासन द्वारा लाखों रुपये की धनराशि खर्च कर सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। इनमें महिला व पुरुष के लिए अलग - अलग व्यवस्था की गयी है। लेकिन जिम्मेदारों की उपेक्षा से ग्राम पंचायतों में शौचालय निर्माण सार्थक नहीं हो रहा है। अधिकतर सामुदायिक शौचालयों में ताला लटकता रहता है। जनपद के फखरपुर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत साईंगाँव में वर्षों पूर्व सामुदायिक




शौचालय का निर्माण हुआ था। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि सामुदायिक शौचालय निर्माण संपन्न होने के बाद ताला लगा दिया गया। शौचालय में जरूरतमंदो को एक दिन भी जाने का मौका नहीं मिला। ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी ग्राम पंचायतों में जाकर जन सुविधाओं व समस्याओं को जानना भी नहीं चाहते हैं। लिहाजा ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में लाखों रुपये खर्चकर बनाये गए, सामुदायिक शौचालय निरर्थक साबित हो रहे हैं।

स्थानीय ग्रामीण श्रीचंद्र बबलू पांडे, रजनीश, रामचंदर पांडे इत्यादि ग्रामीणों का आरोप है कि लगभग सात- आठ महीनें हो गये है कोई भी जिम्मेदार शौचालय का ताला खोलने नहीं आया है, जिससे ग्रामीणों को शौचालय का लाभ नहीं मिल रहा है।

# वट सावित्री व्रत में महिलाओं की आस्था

## बाराबंकी में बरगद के नीचे पूजा-अर्चना, सावित्री-सत्यवान की कथा का श्रवण।



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बाराबंकी। कस्बा रसौली में सोमवार को वट सावित्री व्रत का आयोजन हुआ। महिलाओं ने पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य के लिए वट वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना की। ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर मनाए जाने वाले इस व्रत में महिलाएं परिवार की समृद्धि के लिए उपवास रखती हैं। वे बरगद के वृक्ष की परिक्रमा करती हैं और धागा लपेटकर पूजा करती हैं।

पूजा के दौरान सावित्री-सत्यवान की पौराणिक कथा का श्रवण किया जाता है। मान्यता है कि इस कथा को सुनने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं और विपदाएं दूर होती हैं।

पौराणिक कथा के अनुसार, सावित्री ने अपने पति सत्यवान के लिए यमराज से वरदान प्राप्त किया था। यमराज के वरदान से वट वृक्ष के नीचे पड़े सत्यवान के मृत शरीर में पुनः प्राण का संचार हुआ था। हिंदू धर्म में बरगद का वृक्ष पूजनीय माना जाता है। यही कारण है कि यह परंपरा आज भी जीवंत है और महिलाएं अपने पति की लंबी आयु एवं सौभाग्य के लिए वट सावित्री की पूजा करती हैं।

# अमेठी की समृद्धि और विकास के लिए किए गए काम ही हमारी उपलब्धि और परिचय -स्मृति

## अमेठी की दीदी थी, दीदी हूं और दीदी रहूंगी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अमेठी। भाजपा की ओर से सोमवार को रणंजय इंटर कालेज के मैदान में पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशाब्दी स्मृति अभियान गोष्ठी और पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सम्बोधित किया। राष्ट्रमाता अहिल्याबाई होल्कर का नाम लेते उन्होंने प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा को पिछले ग्यारह साल के भीतर संगठन के साथ स्वयं की ओर से किए गए एक एक काम बताए और कहा कि संगठन ही हमारा वैभव और गौरव है। पिछले ग्यारह सालों से मैं अमेठी की दीदी थी, दीदी हूं और दीदी रहूंगी। अमेठी की समृद्धि और विकास के लिए किए गए कार्य ही हमारी उपलब्धि, परिचय और पहचान हैं।अर्थी उठेगी , तभी अमेठी छोड़ेंगे।अर्थी के समय



हमारा यह परिवार साथ दिखेगा।

अमेठी से हमारा रिश्ता खून का नहीं, पसीने का है, सम्मान का है। हम मजदूर हैं,हमारा काम काम गिनवाना नहीं काम करना है। स्मृति ने कहा कि देश भक्ति की बात हम केवल बोलते नहीं है, हमने चार जून के बाद से आज तक अपनी पेंशन राष्ट्रीय रक्षा कोष में दे रही हूं।

जिन कार्यकताओं को हमने गढ़ा वे सभी अमेठी के संगठन में सामने दिख रहे हैं। सुधांशु शुक्ल, विधुव मिश्र और राजेश अग्रहरि की तरफ संकेत करते हुए उन्होंने कहा कि आज भाजपा के पास भव्य कार्यालय है, जिला पंचायत अध्यक्ष भी है।

स्मृति ईरानी ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन दर्शन और शासन काल को उद्धत करते हुए इस बात को साबित करने का काम किया कि 11वर्षों में नरेंद्र मोदी की सरकार ने अमेठी में अहिल्याबाई होल्कर के सपनों को साकार किया है। हमारा गांव और पंचायत लोकतंत्र की मजबूत इकाई है मोदी सरकार में गांव का बजट 2.5 करोड़ रु हो गया है।

# नारद जयंती पर बोले अमिताभ अग्निहोत्री आज के दौर में पत्रकारिका कठिन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। डीएमआर हॉस्पिटल के सभागार में विश्व संवाद केंद्र द्वारा नारद जयंती के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका विषय समकालीन पत्रकारिता राष्ट्रीय सरोकार था इस विषय पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व मशहूर पत्रकार अमिताभ अग्निहोत्री ने अपने उद्बोधन में कहा की आज की पत्रकारिता समाज का महत्वपूर्ण अंग है,आज पत्रकारिता करना बड़ा कठिन है क्योंकि आज की सामाजिक विषमताओं को लेकर जिस प्रकार सोशल मीडिया के माध्यम से खबरों का आदान-प्रदान समय से पूर्व हो जाता है ऐसे में पत्रकार को अपनी भूमिका निश्चित करनी होगी पत्रकारिता के लिए पत्रकार को सर्वप्रथम राष्ट्र को ध्यान में रखना होगा राष्ट्रहित को ध्यान में रखना होगा अपने अपने हित के लिए काम




करने वाला व्यक्ति पत्रकारिता जैसे पेशे में कभी सफल नहीं हो सकता। पत्रकार को अपनी भूमिका निष्पक्ष रखनी होगी उन्होंने सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आगे कहा की हमें ध्यान में रखना होगा हम सभी पत्रकार मित्रों को इन दो बातो ध्यान देना होगा हमें समझना होगा कि व्यक्ति से बड़ा व्यक्तित्व है व्यक्ति की आयु से बड़ी उसके यश की आयु है इन सब विषयों को ध्यान में रखते हुए एक पत्रकार को राष्ट्र के प्रति समाज के प्रति अपनी जवाब देही को निश्चित करते हुए पत्रकार की भूमिका निभानी चाहिए।

**स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित**


कार्यक्रम के संयोजक महानगर सह प्रचार प्रमुख डॉक्टर राजेश कुमार तथा कार्यक्रम का संचालन मेजर राजीव ढल ने किया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अमिताभ अग्निहोत्री मुख्य अतिथि तपन, कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ मंजेश राठी को कार्यक्रम के समापन के अवसर पर स्मृति चिन्ह के रूप में नारद पुराण भेंट की गई। कार्यक्रम का समापन सेवा भारती मुरादाबाद महानगर द्वारा संचालित विद्यालय की बालिकाओं ने वंदे मातरम गायन के साथ किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विभाग प्रचारक प्रमुख पवन जैन, महानगर संघ चालक डॉ विनीत, महानगर प्रचारक रोहित,प्रमोद जोशी, जिला प्रचारक दीपक, जिला प्रचार प्रमुख सुभाष,स्पर्श गुप्ता,राकेश कुमार मिश्रा,भूपेंद्र कालरा, नवनीत शर्मा, सचिन गुप्ता, मनोज सक्सेना हरिमोहन गुप्ता डॉक्टर सतवीर सिंह अनमोल कट्टा रतनलाल लोधी रोहित कुमार सुफल आदि ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।महानगर प्रचार प्रमुख संजीव चौधरी ने सभा के अंत में सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# नगर निगम के रिकार्ड में दर्ज दो वक्फ संपत्तियों की मौजूदा स्थिति पूछी

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

बरेली। नगर निगम के रिकार्ड में करीब 81 साल से दर्ज वक्फ की दो संपत्तियों के बारे में जानकारी देने के लिए डेढ़ साल पहले की गई शिकायत पर अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं की है। तत्कालीन नगर आयुक्त द्वारा गठित कमेटी की जांच पर सवाल उठाते हुए अंजुमन इस्लामिया बजरिया पूरनमल के सचिव खुर्शीद महमूद उर्फ इशरत मिर्जा ने अब अपर आयुक्त प्रशासन से लिखित शिकायत की है। अपर आयुक्त प्रशासन प्रीति जायसवाल ने जिलाधिकारी को जांच कराने के लिए मामला भेजा था। इस पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने एसडीएम सदर सहित अन्य अफसरों से रिपोर्ट मांगी है।




अंजुमन इस्लामिया बजरिया पूरनमल के सचिव खुर्शिद महमूद उर्फ इशरत मिर्जा ने 16 मई को अपर आयुक्त प्रशासन से लिखित शिकायत की। इसमें कहा गया है कि भवन 36/84 और 38/85 मोहल्ला कहरवान के संबंध में संस्था लम्बे समय से मांग कर रही है कि यह बताया जाए कि उक्त दोनों भवन (नगर निगम रिकार्ड में 1944 से दर्ज हैं) मौके पर कहां हैं, इन दोनों भवनों पर कर की बड़ी राशि भी बकाया है। इस संबंध में पूर्व नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने 8 दिसंबर 2023 को कमेटी गठित कर 7 दिनों में जांच प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। अपर नगर आयुक्त तृतीय, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी व सहायक लेखाधिकारी सदस्य को शामिल करते हुए कमेटी गठित की थी।

पत्र में यह भी कहा गया है कि नगर निगम के वर्तमान रिकार्ड से स्पष्ट है कि इसमें तमाम फेरबदल किया गया है, जिससे वक्फ को काफी क्षति पहुंच रही है। 7 जून 2024 को भी प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन नगर निगम ने अभी तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया है। उन्होंने जांच कर दोनों भवनों की स्थिति से स्पष्ट कराने की मांग की ताकि वक्फ और नगर निगम दोनों को क्षति से बचाया जा सके।

# पंचायत भवन में शिक्षा पर हुआ मंथन, विज्ञान मंत्री अनिल कुमार सिंह ने दी दिशा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। पंचायत भवन में सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम में शिक्षाधिकारी, शिक्षकगण और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे इस अवसर पर मंत्री अनिल कुमार ने शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों और सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास की नींव है और सरकार प्राथमिक शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में जिले के कई शिक्षाधिकारी, शिक्षकगण और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। उन्होंने विभाग की विभिन्न उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी साझा की और छात्रों के समग्र विकास पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभावान शिक्षकों और छात्रों को सम्मानित भी किया गया।

# जिले में पुलिस ने शुरू किया रोहिंग्या और बांग्लादेशी, को तलाशने का अभियान ऑनलाइन बैठक में दिए गए निर्देश

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

बरेली जिले में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की तलाश में 15 दिवसीय अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए एसएसपी ने सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों का गठन किया है। ये टीमें अपने थाना क्षेत्र में ऐसे लोगों की तलाश करेंगी, जो संदिग्ध हैं। उनका सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में एसएसपी ने रविवार को ऑनलाइन बैठक में पुलिस अफसरों को निर्देश दिए हैं।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि शासन के निर्देश पर 15 दिवसीय अभियान रविवार से शुरू किया है। इसके लिए हर थाना क्षेत्र में टीम गठित की गई है। टीम में शामिल पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है। ये टीमें सुबह-शाम अपने थाना क्षेत्र में ऐसे लोगों को चिह्नित करेंगी, जो



बाहर के रहने वाले हैं। अस्थायी रूप से झुग्गी-झोपड़ी डालकर रह रहे हैं। उनका सत्यापन किया जाएगा। यह पता किया जाएगा कि कोई बांग्लादेशी या रोहिंग्या तो नहीं रह रहा है। अगर ऐसा कोई व्यक्ति रहता पाया गया तो उसे डिटेंशन सेंटर में रखा जाएगा। सत्यापन में यदि उसके बांग्लादेशी या रोहिंग्या होने की पुष्टि होती है तो नियमानुसार उसका देश निकाला किया जाएगा।

**पुलिस जुटाएगी ये जानकारी**

15 दिन तक रोजाना सुबह 08.00 बजे 11.00 बजे और रात 08.00 बजे 11.00 बजे तक थाना क्षेत्र में भ्रमण कर जानकारी जुटाएंगी। कौन व्यक्ति बाहर से आकर यहां रह रहा है। कौन अस्थाई रूप से रह रहा है तथा कौन स्थाई रूप से। किस कारण से यहां रह रहा है। परिवार सहित निवासरत है या अकेला। क्षेत्रान्तर्गत यदि कोई अजनबी व्यक्ति रह रहा है तो उसके बारे में जानकारी की जाएगी। ऐसा व्यक्ति जिसकी गतिविधियां संदिग्ध हो, इसकी जानकारी की जाएगी। सत्यापन के दौरान विशेष रूप से सड़क किनारे, रेलवे लाइन के किनारे, नदी किनारे, खुले ग्राउंड आदि जगहों पर रहने वाले व्यक्तियों को चिन्हित किया जाएगा। संदिग्ध लोगों की आईडी चेक कर सूचीबद्ध किया जाएगा।

# कोऑर्डिनेटरों के साथ महानगर कांग्रेस की बैठक संपन्न.

**नेशनल प्रेस टाइम, ब्यूरो**



कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी के निर्देश पर 100 दिन का टाक्स संगठन सृजन कार्यक्रम को मजबूती प्रदान करने हेतु बुलंदशहर से आई महानगर की कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ एवं जिला कोऑर्डिनेटर अनूप वर्मा जी ने कार्यालय का निरीक्षण किया।

बाद में बैठक में 100 दिन का संगठन सृजन कार्यक्रम को मजबूत एवं सफल बनाने के लिए चर्चा कर अपने विचार रखें जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कोऑर्डिनेटरों का स्वागत कर, संगठन सृजन को मजबूती देने हेतु आश्वासन दिया।मेयर प्रत्याशी रहे डॉ. के.वी. त्रिपाठी जी ने कहा कि महानगर संगठन सृजन अभियान में जो भी सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी मैं पूरी निष्ठा, ईमानदारी से पूरी करूंगा । अंत में महानगर अध्यक्ष दिनेश दददा एड. ने कहा महानगर कांग्रेस की प्रस्तावित कमेटी लखनऊ प्रेषित कर दी गई है तथा कार्यालय पर कार्यालय सचिव की नियुक्ति कर दी गई है, शेष संगठन सृजन अभियान तिथि वार 100 दिन में वूथ स्तर तक बना दिया जाएगा। इसमें कोई कोताही नहीं बरती जाएगी ।

# चलती ट्रेन से गिरकर उत्तराखंड के हेड कॉन्स्टेबल की मौत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद-हरिद्वार रेलवे लाइन पर सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अगवानपुर में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में उत्तराखंड पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल की जान चली गई। वह वाराणसी जनता एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे थे, इसी दौरान चलती ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

जिला अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार को उनकी मौत हो गई इलाज के दौरान हेड कॉन्स्टेबल की मौत हो गई मृतक की पहचान उत्तराखंड के जनपद हरिद्वार स्थित थाना भगवानपुर क्षेत्र के गांव धीर माजरा निवासी जनेश्वर (50) पुत्र रतन सिंह



के रूप में हुई है। वह वर्तमान में जनपद उधमसिंह नगर की रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात था । ट्रेन से गिरने के बाद गार्ड ने हादसे की जानकारी रेलवे और स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सिविल लाइंस थाना प्रभारी मनीष सक्सेना पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। गंभीर हालत में घायल हेड कॉन्स्टेबल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# जीआईसी में छठे दिन भी समर कैंप का हुआ आयोजन



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

रामपुर शाहाबाद। सोमवार को छठे दिन भी राजकीय इंटर कॉलेज में समर कैंप का आयोजन किया गया।समर कैंप का आयोजन प्रातः 7:30 बजे से 10:30 बजे तक किया गया। इस समर कैंप में सभी छात्र-छात्राओं में उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया समर कैंप में सभी छात्र-छात्राओं को सर्वप्रथम योग एवं व्यायाम का अभ्यास कराया गया तत्पश्चात छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर की बेसिक जानकारियां दी गई। इसके साथ ही मुकेश कुमार (विषय विशेषज्ञ) ने कंप्यूटर लैब में छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर के इनपुट एवं आउटपुट उपकरणों की जानकारी देकर इन्हें हिंदी व अंग्रेजी की टाइपिंग, पेंटिंग, वीडियो, एडिटिंग, कार्टून, पोस्टर, थंबनेल आदि बनाने सिखाए। इसके बाद मोबाइल पर कीबोर्ड लगाकर मोबाइल पर लैपटॉप की तरह कार्य करना सिखाया गया अंत में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को जलपान कराकर कैंप का समापन किया गया।इस दौरान प्रधानाचार्य देवेश कुमार सिंह, प्रवक्ता संजीव कुमार शर्मा, नजमत अली, मुकेश कुमार, हरेंद्र प्रताप सिंह, शाजिया उपस्थित रहे।

# अहिल्याबाई होलकर की जीवन यात्रा प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष ने किया

**नेशनल प्रेस टाइम, ब्यूरो**

बरेली। भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा माता रानी अहिल्याबाई होलकर जी की जीवन यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन आई एम ए हॉल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने किया शुभारम्भ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सहकारिता मंत्री/जिला प्रभारी मंत्री जे पी एस राठौड़, सांसद छत्रपाल गंगवार, महापौर डॉक्टर उमेश गौतम, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, गुलशन आनंद प्रमुख रूप से मौजूद रहे । आई एम ए सभागार में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा भाजपा ने 1988 के अधिवेशन में तय किया था। अयोध्या में पावन मंदिर का निर्माण करेंगे और मंदिर का निर्माण अयोध्या में हुआ। आज उत्तर प्रदेश के सभी नगर निगमन में भाजपा का बहुमत है रानी अहिल्याबाई होलकर 31 में 1725 को



कुशल शासक के रूप में उन्होंने शासन में भी अंतिम छोर तक के व्यक्ति के लिए कार्य किया ! 500 महिलाओं की बटालियन का निर्माण किया सेवा भाव का समर्पण रखा जीव जंतु के प्रति प्यार और स्नेह रहा और अहिल्याबाई होलकर के जीवन से हम सबको शिक्षा लेनी चाहिए।

विधानसभा सम्मेलन मे प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, सहकारिता मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार/जिला प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर,सांसद छत्रपाल गंगवार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, महापौर डॉक्टर उमेश गौतम, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, अनिल कुमार एडवोकेट,निवोदिता श्रीवास्तव डॉ तृप्ति गुप्ता, नीलम जेठा,एस सी/एस टी आयोग सदस्य उमेश कठेरिया, गुलशन आनंद, प्रत्तेश पांडे,डॉ सी पी एस चौहान, श्रुति गंगवार, महानगर मीडिया प्रभारी प्रतिपाल सिंह (बंटी ठाकुर) , विष्णु अग्रवाल, जेपीएस पाल, शालिनी जोहरी, सतीश कातिव, अमन सक्सैना, योगेश कुमार, राजकिशोर कश्यप, संजीव शर्मा, पुष्पेंद्र शुक्ला, विशाल गुप्ता, गौरव गुप्ता, विपिन भास्कर, अजय चौहान एवं समस्त महानगर, पदाधिकारी ,मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद गण और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बरेली के खिलाड़ियों ने स्टेयर नेशनल गेम्स में खिलाड़ियों ने जीते मेडल

**नेशनल प्रेस टाइम, ब्यूरो**

बरेली। नेशनल गेम्स में जिंगल बेल्स पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 19 से 22 मई तक हुई थी। इसमें 17 राज्यों के छह हजार खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। जिंगल बेल्स के भी नौ खिलाड़ियों ने 13 खेलों में भाग लिया। अंडर-10 एथलेटिक में अंशिका दिवाकर ने गोल्ड जीता।

STAIRS

अंडर-17 में मो. जैस ने 200 मीटर रेस और भाल फेंक में गोल्ड मेडल जीता। अंडर-19 में सुहानी भास्कर ने 100 मीटर में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। अंडर-19 में अनुज कुमार सिंह ने 100 मीटर और 200 मीटर रेस में कांस्य पदक जीते। चार गुणा 100 मीटर रेस में अनुज कुमार सिंह, आर्यन यादव, पारस गंगवार और मो. जैस की चौकड़ी ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। वॉलीबाल में जिंगल बेल्स को तीसरा स्थान मिला। चेयरमैन योगेश पटेल, राजीव बग्गा, डायरेक्टर अंकित बग्गा, अक्षित बग्गा, ऐश्वर्या पटेल आदि ने खिलाड़ियों और खेल विभागाध्यक्ष विनय कुमार कश्यप को बधाई दी।

# कोविड से निपटने तैयारियों में जुटा स्वास्थ्य विभाग

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

बरेली। महाराष्ट्र, उत्तराखंड के बाद यूपी के गाजियाबाद में भी कोरोना के केस सामने आने के बाद शासन ने स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट जारी किया है। विभाग को मरीजों के इलाज संबंधी संसाधन पूरे करने के निर्देश दिए हैं।सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि सभी सीएचसी प्रभारियों को स्वास्थ्य केंद्र पर आइसोलेशन वार्ड बनाने के आदेश दिए हैं। वहीं तीन सौ बेड अस्पताल में 10 बेड का आईसीयू वार्ड भी तैयार करने के निर्देश सीएमएस को दे दिए गए हैं। इसके अलावा जिन भी स्वास्थ्य केंद्रों पर ऑक्सीजन प्लांट स्थापित हैं इनकी क्रियाशीलता संबंधी रिपोर्ट भी संबंधित अधिकारियों से मांगी गई है। अगर किसी प्लांट में



छोटी बड़ी कोई भी तकनीकी खराबी है तो इसको तत्काल दुरुस्त कराने को भी कहा गया है। सीएमओ ने बताया कि गाजियाबाद के अलावा अन्य जिलों में कोरोना के मरीज सामने नहीं आए हैं। शासन के आदेश के अनुपालन में वार्ड तैयार करने के निर्देश दे दिए गए हैं। कोविड के मामले बढ़ने पर शासन के आदेश पर जांच भी तुरंत शुरू कर दी जाएगी। जांच लैब में इंतजाम पूरे हैं। जांच संबंधी रिजेंट की मांग भी कॉरपोरेशन से की जाएगी।

**कबाड़ हो रहे वेंटिलेटर, अब चेक करने की आई याद**-कोविड का प्रकोप शुरू होने के बाद ही शासन स्तर से 12 वेंटिलेटर युक्त बेड तीन सौ बेड अस्पताल में भेजे गए थे लेकिन कोविड का प्रकोप थमने के बाद से कई साल से ये वेंटिलेटर अस्पताल के एक वार्ड में धूल फांक रहे हैं। अब कोविड के केस फिर से तेजी से बढ़ने पर सीएमओ ने इन्हें चेक करने के आदेश दे दिए हैं।

# बुन्देलखण्ड विकास निधि के कार्यो पर संकट के बादल

## तकनीकी बिड खुलने के बाद ठेकेदारों ने जतायी आपत्ति, बैठी जांच

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

**ललितपुर ।** बुन्देलखण्ड विकास निधि (राज्यांश) के तहत करोडों रुपए के कार्यों पर संकट के बाद नजर आ रहे हैं। प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग में राज्यांश के तहत होने वाले कार्यों के लिये टेण्डर प्रक्रिया होने के बाद तकनीकी बिड खुलने के बाद ठेकेदारों द्वारा की गयी शिकायत को लेकर जांच चल रही है, जिस कारण वित्तीय बिड न खुलने से कार्य शुरू नहीं हो पा रहे हैं। विदित हो कि राज्यांश योजना के कार्य पूर्व में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराये जाते थे। इस वर्ष शासन द्वारा इन कार्यों को कराने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को सौंपी गयी है, जिसमें इस वर्ष 17 निर्माण कार्यों को कराया जाना था, जिसमें शासन द्वारा 17 किलो 600 मीटर संपर्क मार्ग के लिये 1576.89 लाख रुपए स्वीकृत किये गये थे। जिसमें प्रथम किस्त के रूप में शासन द्वारा 788.45 लाख रुपए की धनराशि कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग को अवमुक्त किया गया था। वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन द्वारा जनपद के




17 ग्रामीण क्षेत्रों में सम्पर्क मार्ग निर्माण की स्वीकृति शासन द्वारा दी गयी थी, जिसमें पूर्व में शासन द्वारा कार्य कराये जाने की जिम्मेदारी ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की थी, लेकिन इस वर्ष शासन द्वारा निर्माण कार्य कराने की जिम्मदारी लोक निर्माण विभाग को सौंपी गयी थी। लोक निर्माण विभाग को इन कार्यों को कराने की जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। बताया गया कि 17 में से 11 काम कराने की जिम्मेदारी प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग एवं 6 कार्यों को कराने की जिम्मेदारी निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग को दी गयी थी। बताया गया है कि दोनों खण्ड के अधिशासी अभियंता द्वारा निर्माण कार्य कराने के लिये टेण्डर प्रक्रिया की गयी थी, जिसमें निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग द्वारा टेण्डर प्रक्रिया के बाद तकनीकि बिट एवं वित्तीय बिड खुलने के बाद काम शुरू करा दिये गये हैं। वहीं दूसरी ओर प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग द्वारा टेण्डर प्रक्रिया के बाद तकनीकि बिड खोली गयी, जिसमें ठेकेदारों को आपत्ति हुयी जिसकी शिकायतें की गयी, जिस कारण पूरे प्रकरण पर जांच बैठा दी गयी है। जांच के बाद ही वित्तीय बिड खोली जायेगी। इसके बाद ही निर्माण कार्य कराये जाने की उम्मीद है। वहीं लोगों का कहना है कि ठेकेदारों की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले निर्माण कार्य में बेवजह देर हुयी है। इस संबंध में जब अधिशासी अभियंता प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग से जानकारी चाही, तो उनके द्वारा सहायक अभियंता से जानकारी करने की बात कही।

# मधुमक्खियों के हमले से सीडीओ व एडीएम गंभीर

## सबसे अधिक डंक एडीएम को लगे, झांसी रेफर



**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**
**ललितपुर।** पर्यटन स्थल देवगढ़ में विकास योजनाओं के लिए निरीक्षण करने के बाद बौद्ध गुफाओं को देखने पहुंचे अधिकारियों/कर्मचारियों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जान बचाकर भागे अधिकारियों को मधुमक्खियों ने इतने डंक मारे कि मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पांडे बेहोश हो गए, जबकि अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव समेत करीब दर्जन भर से अधिक लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसके करीब एक घंटे बाद सीडीओ कमलाकांत को होश आया। बाद में एडीएम नमामि गंगे की हालत ज्यादा ही बिगड़ गई, उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार रेशम विकास व युवा कल्याण विभाग के विशेष सचिव सुनील कुमार दो दिन के दौरे पर जिले में हैं। उन्होंने धार्मिक स्थल देवगढ़ का निरीक्षण किया था। साथ ही क्षेत्र के विकास के लिए योजनाएं बनाने का निर्देश दिया था। इसी के क्रम में रविवार को सीडीओ कमलाकांत पांडे, एडीएम राजेश कुमार श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार घनेंद्र तिवारी, उप निरीक्षक दिनेश कुमार, लेखपाल सूर्यांश, शशांक और कई जनप्रतिनिधियों समेत करीब 25 लोगों की टीम निरीक्षण के लिए पहुंची थी। दशावतार मंदिर के एक किमी आगे टीम निरीक्षण ही कर रही थी तभी मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से अफरातफरी मच गई। जिसको जिधर रास्ता मिला, वहीं जान बचाकर भागा। बताते हैं कि सीडीओ कमलाकांत पाण्डेय और एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव को मधुमक्खियों ने सबसे ज्यादा डंक मारे। अधिकारियों को संभलने का मौका नहीं मिला। टीम में शामिल अन्य लोगों का भी यही हाल था। लोग भागते रहे लेकिन मधुमक्खियों ने पीछा नहीं छोड़ा। मधुमक्खियों ने सीडीओ समेत टीम के सभी सदस्यों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। सीडीओ कमलाकांत तो मधुमक्खियों के हमले से बेहोश हो गए। जबकि एडीएम राजेश कुमार श्रीवास्तव समेत टीम के अन्य सदस्यों की हालत नाजुक हो गई। ग्रामीणों ने मदद की, तब जाकर सबकी जान बची।

# नझाई उपकेंद्र की बढ़ाई जाएगी क्षमता

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

ललितपुर। नझाई बाजार स्थित 33 केवी उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि की जाएगी। यहां अलग से पैनल रूम का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही यहां जल संस्थान से अलग गेट के लिए जगह भी मिल गई है, जहां से उपखंड कार्यालय नझाई के लिए अलग से रास्ते का निर्माण किया जा रहा है।

उपकेंद्र पर अभी 10 केवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित है और यहां से घंटाघर, तालाबपुरा और जल संस्थान तीन फीडर संचालित हैं। हालांकि, जल संस्थान स्वतंत्र फीडर है। घंटाघर फीडर पर घरेलू और व्यावसायिक एवं अन्य श्रेणी के लगभग 5,575 उपभोक्ता हैं, जबकि तालाबपुरा फीडर पर कुल 2772 उपभोक्ताओं को बिजली दी जाती है।

उपभोक्ताओं की संख्या के अनुसार उपकेंद्र की क्षमता काफी कम है। इस कारण ओवरलोड होने से बार-बार बिजली बाधित हो रही है। अब नझाई सब स्टेशन पर एक अन्य पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही सब स्टेशन पर दो अन्य फीडर भी बनाए जाएंगे। विभाग घंटाघर और नझाई फीडरों को दो-दो भागों में विभाजित करेगा।

नझाई उपकेंद्र पर पैनल रूम बनना शुरू हो गया है। पैनल रूम में घंटाघर और तालाबपुरा फीडर के अलावा दो अन्य नए फीडरों की वीसीवी मशीनें भी स्थापित की जाएंगी। यहां ट्रांसफार्मरों की सुरक्षा के लिए 33 केवी की नई वीसीवी मशीनें, सर्किट ब्रेकर, लाइटनिंग अरेस्टर, आइसोलेटर आदि उपकरण स्थापित किए जाएंगे।

नझाई सब स्टेशन की क्षमता वृद्धि की जा रही है। घंटाघर और तालाबपुरा फीडरों को दो-दो भागों में बांटकर नए फीडर बनाए जा रहे हैं। अभी पैनल रूम बनाए जा रहे हैं।

**-रमेश यादव, प्रभारी अधिशासी अभियंता**

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति के लिए ब्रज 84 कोस हिंदू चेतना यात्रा शुरू



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति की आवाज बुलंद करने के लिए श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के आह्वान पर ब्रज 84 कोस हिंदू चेतना यात्रा रवाना की गई है। यह यात्रा प्रदेश के कई हिस्सों से घूमते हुए राजस्थान और हरियाणा भी जाएगी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष व केस के पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा है कि देश के विभिन्न राज्यों में निकाली जा रही हिंदू चेतना यात्रा के क्रम में यह तीसरी यात्रा है। श्रीठाकुरजी लड्डू गोपाल मंदिर के महंत मधुवन दास महाराज के सानिध्य में ब्रज चौरासी कोस यात्रा को सलेमपुर रोड स्थित मधुवन क्षेत्र से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। यह यात्रा प्रदेश के अलावा यात्रा राजस्थान और हरियाणा जाएगी। यहां के स्थानीय लोगों से चौपाल लगाकर श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति के बारे में चर्चा करेंगे। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति और भव्य मंदिर निर्माण के लिए जन समर्थन जुटाना है। यात्रा में केतकीवन के संत वृंदावन दास, बच्चू सिंह समेत अन्य साधु संत शामिल हुए। पक्षकार महेंद्र प्रताप ने बताया है कि ये यात्रा मधुवन, तालवन, कमोद वन, बछवन होते हुए राजस्थान के डींग जिले में प्रवेश करेगी। बद्रीनाथ, केदारनाथ, कामवन, फिसलन शिला होते हुए हरियाणा जाएगी। उन्होंने बताया कि पांच जून को रामघाट से संत कांताचार्य महाराज के सानिध्य में यात्रा आ रही है। इसी तरह की यात्राएं पूरे देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर निकाली जा रही हैं।

# खामियां मिलने पर ओल चौकी प्रभारी को लगाई फटकार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



मथुरा। शहर सर्किल का चार्ज संभालने के बाद एसपी सिटी राजीव कुमार ने रविवार को थाना फरह और ओल चौकी का निरीक्षण किया। इस दौरान अभिलेख ठीक न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी सिटी ओल चौकी का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। उन्होंने चौकी के अभिलेख का रखरखाव, मालखाना, हवालात, मैस, विवेचना कक्ष आदि का निरीक्षण किया। वायरलेस सेट के बेतरतीब तरीके से रखे होने और मैस में गंदगी मिलने पर नाराजगी जताते हुए चौकी प्रभारी को फटकार भी लगाई।

इसके बाद उन्होंने नक्शा के माध्यम से चौकी क्षेत्र में पड़ने वाले गांव मजरा आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। चौकी के निरीक्षण के बाद वह फरह थाना पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी को प्रत्येक फरियादी की समस्या सुनने और रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए।

# युवा राष्ट्र निर्माण की रीढ़ : राधा मोहन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



मथुरा। वृंदावन में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह ने वृंदावन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 122वां संस्करण कार्यकताओं संग सुना। इस दौरान उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की रीढ़ बताते हुए सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास में उनकी सक्रिय भूमिका पर बल दिया। राधा मोहन सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी और भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव के साथ श्रीबांकेबिहारी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और पार्टी कार्यकताओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि मन की बात केवल संवाद नहीं, बल्कि एक सशक्त जनसंपर्क माध्यम है, जो हर आयु वर्ग, विशेषकर युवाओं को प्रेरित करता है।

जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की बातें सभी को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करती हैं। महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हीरा सिंह कुंतल, उप सभापति मुकेश सारस्वत, महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, ज्ञानेंद्र राणा, युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री पवन हिडौन, अजय सिंह, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र वार्ष्णेय, प्राण वल्लभ गोस्वामी, मुन्ना निषाद शर्मा, अजय सिंह आदि मौजूद थे।

# शहजाद और सजनाम बांध की नहरों में रुकेगा लीकेज

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

ललितपुर। शहजाद और सजनाम बांध की नहरों को मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है।सीपेज, लीकेज से होने वाली पानी की बबार्दी रोकी जाएगी। जो पानी बचेगा उससे सिंचित क्षेत्र बढ़ेगा और किसानों को फायदा होगा। तहसील तालबेहट क्षेत्र में शहजाद नदी पर निर्मित बांध में संरक्षित पानी से लोगों को पेयजल की आपूर्ति की जाती है। साथ में किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाता है। बांध से 116.60 किलोमीटर दाईं व बाईं नहर निकली है। इसी प्रकार तहसील महरौनी क्षेत्र में 40 वर्ष पूर्व बने सजनाम बांध से 39.950 किमी लंबी दो मुख्य नहरें हैं। दाईं 19.650 किलोमीटर और बाईं नहर 20.300 किलोमीटर लंबी है।

काफी पुराने होने के कारण ये नहरें जर्जर अवस्था में पहुंच गई हैं। इनमें पानी छोड़े जाने के दौरान लीकेज और सीपेज से काफी पानी बर्बाद होता है। पानी नहर के अंतिम छोर तक नहीं पहुंचता। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए सिंचाई विभाग ने शहजाद बांध की दाईं और सजनाम बांध की बाईं नहर को आदर्श नहर योजना में शामिल किया। कार्ययोजना को स्वीकृति मिलने के बाद शहजाद बांध की दाईं नहर का करीब दो करोड़ रुपये से जीर्णोद्धार कर इसकी लाइनिंग कर इसे मॉडल नहर बनाया गया। वहीं, सजनाम बांध की बाईं नहर पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से काम किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार यह काम अंतिम चरण में है।

अधिशासी अभियंता राजघाट निर्माण खंड शैलेष कुमार ने बताया कि शहजाद बांध से संचालित होने वाली दाईं नहर का आदर्श नहर योजना के तहत जीर्णोद्धार कराया गया है। पानी बचने से सिंचित क्षेत्र बढ़ेगा।

# मौसम ने ली करवट, जिला अस्पताल में बढ़े मरीज

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



मथुरा। गर्मी जैसे-जैसे बढ़ रही है, वैसे-वैसे जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अस्पताल के पुरुष व महिला सर्जिकल वार्ड फुल हैं। मरीजों की संख्या बढ़ने पर अस्पताल प्रशासन और बेडों की संख्या बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। अस्पताल में रविवार को सभी बेड फुल थे। चिकित्सकों ने बताया कि मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव से मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। जनरल वार्ड के बेड फुल हैं। इसमें भी महिला और पुरुष के वार्ड अलग-अलग बनाए गए हैं, लेकिन मरीजों की संख्या बढ़ी तो महिलाओं और पुरुष वार्ड में खाली पड़े बेडों पर भर्ती कर दिया गया। चिकित्सक ने बताया कि मरीज को एक या अधिकतम दो दिन में आराम मिल रहा है इसके बाद स्थिति में सुधार होने पर छुट्टी कर दी जाती है। इमरजेंसी में 150 से अधिक मरीज पहुंचे जो सर्दी, खांसी, वायरल बुखार के साथ ही डायरिया, उल्टी-दस्त से प्रभावित थे। अस्पताल के चिकित्सक डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि बारिश से भी मरीज बढ़े हैं। सभी को उपचार के साथ सेहत का ध्यान रखने की सलाह दी जा रही है।

# मथुरा में सफाई व्यवस्था में लापरवाही मिलने नगर आयुक्त ने दी कार्यदायी संस्था को कड़ी चेतावनी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



मथुरा। महानगर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु नियमित रूप से सफाई कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। रविवार को प्रातः नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा गोवर्धन रोड एवं सौंख रोड क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। गोवर्धन रोड पर श्रीजी बाबा स्कूल के समीप स्थित डलाब घर की सफाई एवं कूड़ा उठान कार्य निर्धारित समयानुसार न पाए जाने पर नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था को कड़ी चेतावनी दी। साथ ही कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि डलाब घर से कूड़ा सुबह 9 बजे से पूर्व हर हाल में उठाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी दिनों में पुनः निरीक्षण किया जाएगा और यदि स्थिति में सुधार नहीं पाया गया तो जुमार्ना लगाने की कार्रवाई की जाएगी। इसके उपरांत नगर आयुक्त को सौंख रोड क्षेत्र के निरीक्षण में कुछ स्थानों पर गंदगी एवं नाले की उचित सफाई न होने की स्थिति मिली । इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि नगर के सभी डलाब घरों की सफाई सुबह 9 बजे से पहले हो जानी चाहिए तथा कहीं भी गंदगी नहीं होनी चाहिए । इसके अतिरिक्त उन्होंने निर्देश दिए कि सभी नालों की तालीझाड़ सफाई नियमित रूप से कराई जाए जिससे बारिश के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि सफाई कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आवश्यकतानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.गोपाल बाबू गर्ग मुख्य सफाई निरीक्षक मुकेश शर्मा कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि अभिलाष चौधरी उपस्थित रहे।

# पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

शामली। शहर के मीर पब्लिक स्कूल में सोमवार को पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के विशेष स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। सोमवार को समारोह का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक एडवोकेट सैयद अजमल हसन ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन को सही दिशा देती है। सभी छात्र पूरे मनोयोग और अनुशासन के साथ



अध्ययन करें और अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन का पालन करें, क्योंकि यही उनके उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर शील्ड प्रदान की गई। कक्षा नर्सरी में अबीरा, एलकेजी में आलिया, यूकेजी में निस्बा, अलतमश और इब्राहिम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बच्चों की इस उपलब्धि पर उनके अभिभावकों और शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर नवाज बेग, सन्नो खान, समरीन और नरगिस मौजूद रहे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# एंबुलेंस कर्मचारियों ने मनाया धूमधाम के साथ पायलट डे



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

कांधला। नगर के सरकारी अस्पताल प्रांगण में एंबुलेंस कर्मचारियों के द्वारा पायलट डे धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान उच्च अधिकारीयों ने पहुंचकर आमजन को समुचित इलाज प्रदान करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सभी कर्मचारियों ने एक दूसरे का मुंह मीठा करते हुए मिठाई वितरित की। इस दौरान प्रोग्राम मैनेजर ने कहा कि सभी एम्बुलेंस कर्मचारी कर्तव्य निष्ठा के साथ मरीजों एवं गर्भवती ,महिलाओं को अपनी बेहतर सुविधा प्रदान करें। किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी ने कहा कि सभी कर्मचारी अपनी गाड़ियों को हॉटस्पॉट इलाकों में खड़ी करें। घटनाओं की संभावना को देखते हुए मरीज तक पहुंचने में कम से कम समय लगे एम्बुलेंस कर्मचारी किसी तरह की गड़बड़ी करते हुए मिले तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मोहित, संदीप, कमल,नितिन, दिलशाद, दीपा, पुष्पेंद्र, कमलेश,सोनू, अंकित, सतीश, रवि, अनुज, गुरमीत, अंकित,सहित आदि मौजूद रहे।

# बालिकाओं ने आंख पर पट्टी बांधकर अंधे की लाठी जैसे मुहावरे का प्रदर्शन किया

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

शामली। शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश अनुसार समर कैंप में योग एवं व्यायाम, खेल खेल में व्याकरण तथा कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया गया। सोमवार को बालिकाओं ने आंख पर पट्टी बांधकर अंधे की लाठी जैसे मुहावरे का प्रदर्शन किया। आचार्य संदीप कुमार ने योग एवं व्यायाम व शिक्षिका आकांक्षा रानी ने



कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर संजीव कुमार, गीता रानी, अनीता रानी, कविता रानी, सुरभि रानी, अमित कुमार, रवि कुमार, मोहित कुमार, विकास कुमार, दिव्या रानी, मोनिका रानी, वंदना रानी, साक्षी रानी, रेनू रानी, कपिल कुमार, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# पत्रकार सुनील की आकस्मिक मौत से नगर में शोक की लहर

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

कांधला। कस्बा नवासी न्यूज चैनल के पत्रकार मौहल्ला गुजरान निवासी 40 वर्षीय सुनील राणा पुत्र प्रताप की अचानक हालत बिगड़ गई। परिजनों के द्वारा गंभीर हालत में सुनील को शामली के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन सुनील की हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई। पत्रकार सुनील की मौत हो जाने से नगर व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के आवास पर संवेदना प्रकट करने के लिए



लोगों की भीड़ उमड़ गई। न्यूज चैनल के पत्रकार के आकस्मिक निधन पर पत्रकार संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# नियमित रूप से योग का अभ्यास करने से स्वास्थ्य लाभ होता है



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

शामली। शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर स्कूल शामली में योगाचार्य रामकुमार द्वारा योग शिविर के प्रथम दिवस योग का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण देते हुए उन्होंने बताया कि योग को अपनी दिनचर्या में नियमित शामिल करें। उसी से लाभ होगा। कभी-कभी योग करने पर इसका लाभ प्राप्त नहीं होता इसलिए हमें प्रतिदिन नियमित रूप से योग का अभ्यास करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने भ्रामरी प्राणायाम, वज्रासन, उत्कट, आसन, चक्रासन आदि का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि योग हमारे उत्तम स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण होते हैं। जिन्हें हमें नियमित समय से और नियमित दिनचर्या में बनाए रखना है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजय सैनी ने भी आचार्य को संबोधित करते हुए बताया कि अपने नित्य कार्यों को करते हुए योग के लिए भी समय निकालना चाहिए। यह हमारे जीवन और स्वास्थ्य के लिए बड़ा महत्वपूर्ण होता है। इस अवसर पर आशीष जैन, सुधीर कुमार, शिवकुमार धीमान, रविंद्र कुमार, आदेश धीमान, रवि गॉड, मोहित कुमार, संदीप कुमार, रिचा संगल, सविता गुप्ता, लक्ष्मी गर्ग, शालू, नीरज कुमारी आदि उपस्थित रहे।

# महर्षि कालू बाबा गौसेवा दल ने मृत गाय का किया अंतिम क्रियाकर्म

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

कैराना। महर्षि कालू बाबा गौसेवा दल के सदस्यों द्वारा लावारिस मृत गाय का अंतिम क्रियाकर्म किया गया।

सोमवार को महर्षि कालू बाबा गौसेवा दल के सदस्यों को कस्बे के मोहल्ला गुम्बद की एक बंद गली में लावारिस गाय के मृत पड़े होने की सूचना मिली, जिस पर संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। बाद में मृत गाय को नगरपालिका परिषद से जेसीबी मशीन बुलवाकर ऊँचागांव के जंगल में ले जाया गया। जहां पर संगठन के सदस्यों द्वारा गड्ढा खुदवाकर मृत गाय का



अंतिम क्रियाकर्म कराया गया। इस दौरान अनुज, अमित, रोहित, असमित, सन्नी, मोहित, मोनू, सचिन, विनीत, दीपक आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### हजारों की नगदी व मोबाइल चोरी का खुलासा,चोर गिरफ्तार।

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी व्यक्ति के साथ पांच महा पूर्व बाईपास मार्ग पर बाइक पर लिफ्ट लेकर पीछे बैठे व्यक्ति ने बाइक सवार की जेब से एक मोबाइल व हजारों की नगदी साफ कर दी थी। पुलिस ने पांच माह बाद चोरी का खुलासा करते हुए शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी इमरान पुत्र नसीबू निवासी मोहल्ला मिर्दगान कांधला ने बताया कि उसने पांच माह पूर्व बाइक पर पीड़ित की जेब से मोबाइल और नगदी चोरी की थी। आरोपी की निशानदेही पर नगदी व मोबाइल बरामद करते हुए आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया।

### दंपती के साथ मारपीट, चार के विरुद्ध अधियोग पंजीकृत।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव ढुढार निवासी धर्मसिंह पुत्र रामफल ने बताया कि जब वह पत्नी सहित साइकिल पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे तो गांव के ही सतबरी पुत्र सरजीत, अंकित पुत्र सतबीर, आशा पुत्री सतबीर तथा सागर निवासी ग्राम लिलौन आदि

ने धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। जिसमें महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल महिला को उपचार के लिए गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया। घटना के संबंध में पीड़ित पति ने चार लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। थाना पुलिस ने मामला पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### किसान के अपहरणकर्ता बदमाश के साथ पुलिस की मुठभेड़,पैर में लगी गोली।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव डांगरोल निवासी पवन सिंह खेत पर पानी चलाने गया था। बदमाशों द्वारा खेत से पवन को अगवा कर लिया गया था। उक्त मामले मे पुलिस ने देर रात मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश गुलाब सिह पुत्र कृष्णपाल निवासी ग्राम सौरम गोयला थाना शाहपुर ,जनपद मुजफ्फरनगर को गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मोके से फरार हो गया। पुलिस अपराधी के इतिहास खंगालने में जुटी हुई है।जबकि फरार आरोपी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

# युवती के साथ छेड़छाड़ करने पर तीन मनचलों के विरुद्ध अभियोग दर्ज ,भेजा जेल

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

कांधला। पॉर्लर जा रही युवती को रास्ते में रोकर तीन मनचलों के द्वारा छेड़छाड़ कर इस्टाग्राम आईडी व मोबाइल नम्बर मांगकर परेशान किया गया। घटना के संबंध में पीड़िता युवती के चाचा ने पुलिस को तहरीर देकर तीन युवकों के विरुद्ध मामला दर्ज करा दिया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

घटना के संबंध में युवती के चाचा ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि भतीजी नगर के एक पार्लर पर काम सीखने के लिए जाती है, जिसे पिछले कई दिनों से मौहल्ले के ही तीन युवक शाहदीन उर्फ सोनू पुत्र हुसैन, उस्मान पुत्र हनीफ, शाकिर पुत्र रशीद निवासी मौहल्ला खेल रास्ते में आते जाते समय छेड़छाड़ कर परेशान करते थे। तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है।

### मण्डावर जानलेवा हमले का एक और आरोपी गिरफ्तार।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

कैराना। कोतवाली पुलिस ने गांव मण्डावर में घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। पुलिस घटना में नामजद दो अन्य आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। विगत 27 अप्रैल को क्षेत्र के गांव मण्डावर निवासी हाशिम ने सात लोगो के खिलाफ घर में घुसकर गाली-गलौच व जानलेवा हमला करने के आरोप में कोतवाली कैराना पर मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी शामली ने प्रभारी निरीक्षक को मामले की जांच करके आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए थे।

# जंधेड़ी की गौशाला में गोवंशों की हो रही भयंकर दुर्दशा

## अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

कैराना। अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकताओं ने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन-पत्र सौंपा है। उन्होंने जंधेड़ी गांव में स्थित गौशाला में गोवंशों की दुर्दशा का आरोप लगाया है। ज्ञापन-पत्र में गोवंशों के निरंतर गायब होने तथा समय पर चारा-पानी व उपचार आदि न मिलने की भी बात कही गई है।

सोमवार को अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के दर्जनों कार्यकर्ता तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन-पत्र तहसीलदार कैराना अर्जुन चौहान को सौंपा। बताया कि विगत रविवार को संगठन के कुछ कार्यकर्ता जंधेड़ी गांव में संचालित गौशाला में गए थे। वहां पर



उन्होंने पूर्व में छोड़ी गई गाय के बारे में जानकारी की। ररारोप है कि छोड़ी गई गाय गौशाला से गायब मिली। इसके अलावा, जो गाय गौशाला में मौजूद है। उन्हें भी समय पर चारा, पानी और खल-चोकर आदि नही मिल रहा है। आरोप है कि गौशाला से गायों के गायब होने का सिलसिला काफी समय से चल रहा है, जिसके सम्बन्ध में वह निवर्तमान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को सबूतों के साथ में अवगत करा चुके है। पत्र में मांग की गई है कि तहसील प्रशासन प्रत्येक गौशाला में हर महीने टीम भेजकर निरीक्षण कराए तथा वहां मौजूद गोवंशों की स्थिति पर ध्यान दे। ज्ञापन-पत्र में एक सप्ताह के भीतर गौशालाओं की स्थिति में सुधार किये जाने की मांग की गई है। ऐसा न होने पर सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन-पत्र पर प्रवीण, देवीचंद, विक्की, सचिन, निक्की, अमर, अमित, रवि आदि के हस्ताक्षर अंकित है।

# एडीएम के पद पर पदोन्नत हुए एसडीएम को दी गौरवशाली विदाई

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

कैराना। अपर जिलाधिकारी के पद पर पदोन्नत हुए एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव को तहसील प्रशासन द्वारा विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस दौरान पुष्प-मालाएं पहनाकर तथा ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य अभिनंदन किया गया। वह कैराना में करीब 22 माह तक उपजिलाधिकारी के पद पर तैनात रहे है।

शासन के द्वारा विगत दिनों सेवा में वरिष्ठता के आधार पर प्रदेश के कई पीसीएस अधिकारियों को पदोन्नति दी गई है। इनमें एसडीएम कैराना के पद पर तैनात डिप्टी कलेक्टर स्वप्निल कुमार यादव का नाम भी शामिल है। वह एडीएम के पद पर पदोन्नत हुए है। शासन ने उन्हें चित्रकूट जनपद में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की जिम्मेदारी सौंपी है। सोमवार को तहसील मुख्यालय पर स्थित सभागार कक्ष में एडीएम के पद पर पदोन्नत हुए स्वप्निल कुमार यादव का विदाई



समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे लोगो ने पुष्प मालाएं पहनाकर एवं बुके भेंट करके उनका स्वागत किया। इस दौरान एडीएम बने स्वप्निल कुमार यादव एसडीएम के तौर पर कैराना में बिताए गए अपने कार्यकाल के अनुभव को लोगो से साझा किया। उन्होंने कहा कि यदि आप पूर्ण निष्ठा एवं निष्पक्षता के साथ में अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करेंगे तो लोग निश्चित रूप से आपको अपने हृदय में स्थान देंगे। आपके स्थानांतरण के बाद भी लोग आपको एक अच्छे अधिकारी के रूप में स्मरण करेंगे। इसलिए पद पर बैठे व्यक्ति को अपने अधिकारों का इस्तेमाल जनहित के लिए करना चाहिए। कार्यक्रम का कुशल संचालन रजिस्ट्रार-कानूनगों देवानंद ने किया। इस अवसर पर तहसीलदार अर्जुन चौहान, सीओ कैराना श्यामसिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, ईओ कैराना समीर कश्यप, बार एसोसिएशन कैराना के अध्यक्ष रामकुमार वशिष्ठ, महासचिव राजकुमार चौहान, पूर्व बार अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री दामोदर सैनी, राजस्व निरीक्षक अरविंद कुमार, एडवोकेट शक्ति सिंघल, महेंद्र सिंह एडवोकेट, राशिद अली चौहान एडवोकेट, पेशकार प्रदीप कुमार, लेखपाल अनुराग पंवार, मुजक्किर खान, आदि मौजूद रहे।

**कैराना एसडीएम के तौर पर 22 माह तक, प्रदान की सेवाएं :** एडीएम के पद पर पदोन्नत हुए स्वप्निल कुमार यादव प्रांतीय सिविल सेवा-2019 बैच के अधिकारी है। डिप्टी कलेक्टर के तौर पर उन्हें प्रथम तैनाती अयोध्या जनपद में मिली थी। जहां पर वह करीब पौने चार वर्ष तैनात रहे है। इसके अलावा, कैराना एसडीएम बनने से पूर्व वह करीब तीन माह तक जनपद बलरामपुर में भी अपनी सेवाएं दे चुके है। अब वह करीब 22 माह तक कैराना एसडीएम के तौर पर तैनात रहे है। स्वप्निल कुमार यादव मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यवहार के पीसीएस अधिकारी के रूप में जाने जाते है।

# जिला कलेक्टर रामावतार मीणा की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

## नलकूपों की मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले की पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य व्यवस्था और बजट घोषणाओं की स्थिति पर विशेष रूप से चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने जिले में पेयजल की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि कहीं नलकूप सूख चुके हैं तो उनकी सूचना तत्काल भेजी जाए ताकि समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि नलकूपों की मरम्मत के लिए आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी क्षेत्र में जल संकट उत्पन्न न हो। उन्होंने जलदाय विभाग को निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली पेयजल से संबंधित शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। साथ ही मलसीसर डैम में पानी की वर्तमान स्थिति की



जानकारी भी ली और नरहड़ क्षेत्र में जल संकट को लेकर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।आंधी-तूफान के कारण हुई विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर कलेक्टर ने बिजली विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि 220 केवी की लाइन क्षतिग्रस्त होने से उदयपुरवाटी व नवलगढ़ के कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। इसे अगले 12 घंटे में पूरी तरह से ठीक कर लिया जाएगा।

कलेक्टर मीणा ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मौसमी बीमारियों पर निगरानी रखें और लू से बचाव हेतु समुचित प्रबंध करें। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। बैठक में जिला कलेक्टर ने सभी विभागों को राज्य बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु प्रभावी निगरानी व्यवस्था अपनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का नियमित रूप से निस्तारण किया जाए और अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ कार्मिकों को भी शिकायतों के प्रति संवेदनशील बनाएं तथा नियमित मॉनिटरिंग के लिए प्रेरित करें। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी रणजीत सिंह, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजपाल सिंह, सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर, पीएमओ डॉ जितेंद्र भांबू, नगर परिषद आयुक्त दिलीप पूनिया, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल पूनिया, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक बृजेंद्र सिंह राठौड़, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी नेहा झाझड़िया, जिला उद्योग केंद्र के सहायक आयुक्त अभिषेक चौपदार, एपीआरओ विकास चाहर, जिला रसद अधिकारी डॉ निकिता राठौड़, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ राजेंद्र सिंह लांबा, सीओ स्काउट महेश कालावत, उद्यान विभाग के उपनिदेशक डॉ विजयपाल कस्वा सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मिलावट और हानिकारक रसायनयुक्त फल सब्जी की होगी जांच

## खैरथल-तिजारा जिले में 30 मई तक चलेगा अभियान

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों**

खैरथल-तिजारा, 26 मई। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए निदेशालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, जयपुर के निर्देशों की पालना में खैरथल-तिजारा क्षेत्र में फल एवं सब्ज़ियों में हानिकारक रसायनों की जांच हेतु विशेष ग्रीष्मकालीन अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 30 मई 2025 तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान के तहत बाजार में मिलावटी, कृत्रिम रूप से पकाए गए अथवा रसायनयुक्त फलों और सब्ज़ियों की बिक्री पर अंकुश लगाया जाएगा।

अभियान के दौरान बिना



लाइसेंस फलों और सब्ज़ियों की बिक्री करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, संदेहास्पद फलों और सब्ज़ियों के नमूने एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जाएंगे।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे फल या सब्जी खरीदते समय केवल लाइसेंसधारी या विश्वसनीय विक्रेताओं से ही खरीदारी करें। साथ ही सभी फलों को उपयोग से पहले अच्छी तरह धोएं और अत्यधिक चमकदार या एक समान रूप से पके हुए फलों से परहेज करें।

# हर्षोल्लास से मनाया जाएगा स्वामी गोपालगिरी महाराज का 20 वां बरसी उत्सव

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों**

खैरथल,26 मई :स्वामी गोपालगिरी महाराज जी की 20 वीं बरसी उत्सव की तैयारियों को लेकर आनंद नगर कॉलोनी स्थित गुरु मंगलगिरी सन्यास आश्रम (शिवालय) में स्वामी गोविंदगिरी महाराज के सानिध्य में पूज्य सिंधी पंचायत एवं स्वामी ध्यानगिरी सेवा मंडल की बैठक आयोजित कर विभिन्न निर्णय लिए

गए। पूज्य सिंधी पंचायत अलवर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा ने बताया कि बैठक के दौरान सोमवार 02 जून को आयोजित मेले की सभी तरह की

व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सभी सेवादारों को सौंपी गई। बरसी महोत्सव के दौरान 02 जून सोमवार को प्रातः 07 बजे सत्संग प्रवचन, सुबह 11 बजे से साय 4 बजे तक बहराणा साहिब, दोपहर 12 बजे भंडारा, साय 7 बजे आरती के पश्चात पल्लव पाकर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। बरसी उत्सव में बीकानेर, राजकोट, जोधपुर, दिल्ली,जयपुर से भी सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचेंगे। इस दौरान समाजसेवी लालचंद रोघा, पूज्य सिंधी पंचायत अलवर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा, प्रदेश मंत्री गिरधारी लाल ज्ञानानी, गोपाल दास पेशवानी,नत्थूमल रामलानी, सेवक लालवानी,मुखी अशोक महलवानी, मुखी दिनेश रामेंजा, मुखी टीकमदास मुरजानी, नवल लखानी , किशनचंद भारती, पार्षद जाजनदास मुलानी, विजय बच्चानी, राजकुमार दादवानी,दिनेश माखीजा, बाबा दयालदास प्रदनानी, तुलसीदास भूरानी,मन्नू मंघवानी, मुरलीधर मानवानी विष्णुमल गनवानी, पूरण केवलानी, धर्मदास गनवानी,न ानकचंद मंघवानी, प्रेम प्रदनानी, लक्ष्मण कटारिया, बाबूलाल गोरवानी, सेवाराम बच्चानी,विक्की कटारिया, आकाश चेतवानी, बबन गुरनानी, ंमनलाल तीनानी, सतीश गुप्ता आदि सेवादार मौजूद रहे।

# खैरथल में सेनाओं के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों**

खैरथल-तिजारा, 26 मई। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को खैरथल के भगत सिंह चौक पर वीर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात उन्होंने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर श्री यादव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ऱतीन रंगों का यह तिरंगा देश की शान है, यह हर भारतीय के दिल का स्वाभिमान है। यही गंगा है, यही हिमालय है, यही हिंद की जान है – और यही तीन रंगों में रंगा हुआ अपना हिंदुस्तान है।

केंद्रीय वन मंत्री ने देश के युवाओं से आह्वान किया कि अपने शहरों को स्वच्छ रखें, खेतों में युवाओं को प्रोत्साहित करें, और विद्यार्थियों में विज्ञान की भावना विकसित करें – तो हम आने



वाली सदी में भारत की सामर्थ्य को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकते हैं। यादव ने कहा देश की सेना ने पराक्रम और क्षमता का पूर्ण प्रदर्शन किया है। इसी समर्थन में आज खैरथल की जनता ने यह भव्य तिरंगा यात्रा आयोजित की है। इस तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्रभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, भाजपा जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी, पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, नगर परिषद सभापति हरीश रोघा,,किसान नेता टिल्लू शर्मा, उप सभापति वरूण डाटा,अशोक डाटा, देवेंद्र वत्स सहित भाजपा के पदाधिकारी ,कार्यकताओं एवं अन्य नागरिक, विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक तथा बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# अंतर्राज्यीय बस स्टैंड बैढ़न में पुरानी सब्जी मण्डी का सड़क मार्ग अतिक्रमणकारियो के आगोश में

## अतिक्रमण हटाने का साहस नहीं जुटा पा रहा विभागीय अमला

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

सिंगरौली । बस स्टैंड बैढ़न के पुरानी सब्जी मण्ड मार्ग अतिक्रमणकारियों के कब्जे में है। दोपहर से लेकर रात 10 बजे तक उक्त मार्ग से टू-व्हीलर से चलना भी आसान नही रहता। करीब-करीब पूरी सड़क में सब्जी की दुकाने लगी रहती हैं। यह समस्या एक दिन की नही है।



दरअसल नगर निगम सिंगरौली के अंतर्राज्यीय बस स्टैंड बैढ़न के समीप पुरानी सब्जी मण्डी सड़क मार्ग अतिक्रमण कारियो के आगोश में है। आलम यह है कि यहां रोजाना दोपहर 12 बजे से लेकर रात 10 बजे तक सड़क के दोनों लेन में सब्जी की दुकाने लगी रहती हैं। उक्त दुकानें सड़क पर लगने से मोटरसाइकिल लेकर भी चलना जोखिम भरा रहता है। यहां पर अकेले सब्जी दुकानदारों ही नहीं, बल्कि अन्य दुकानदार भी सड़क पर अपनी सामग्रियां फैलाये रहते हैं। जिसके कारण करबी 25 से 30 प्रतिशत सड़क अतिक्रमण में रहती है। यह समस्या एक दिन की नही है, निरंतर बनी हुई है। लेकिन आरोप है कि सड़क पर लगने वाले सब्जी दुकानों को हटाने के लिए प्रशासन साहस ही नही जुटा पा रहा है। जिसके कारण यहां जाम लगना और सड़क बाधित होना आम बात हो गई है। फिलहाल उक्त सड़क का अतिक्रमण कब हटेगा, उसपर व्यापारी ही तरह-तरह के सवाल खड़े कर रहे हैं।

आलम यह है कि सब्जी मण्डी में आये दिन सब्जी कारोबारी ही आपस में ही मारपीट, तूतू-मैंमैं, गाली गलौज करते रहते हैं। यहां तक कि कई बार कोतवाली तक मामला पहुंचा है। दो महीने पूर्व व्यापारी आपस में जमकर मारपीट कर लिये थे। कारण स्थान को लेकर हुआ था। मामला काफी तूल पकड़ा इसके बावजूद प्रशासन सख्त कदम उठाने के लिए साहस नही जुटा पाते हैं। इसके पीछे कारण क्या है। इसे जिम्मेदार अधिकारी ही बता पाएंगे। लेकिन अतिक्रमण सबके लिए सिर दर्द बन गया है। अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन की मेहरवानी समझ से परे है।

# बैतूल आमला थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सक्सेना के खिलाफ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शैलेन्द्र बड़ोनिया को राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बैतूल ।आमला थाना क्षेत्र में घटी डकैती की घटना के विरोध में आज दिनांक 26 मई 2025 को आमला के पत्रकारों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शैलेन्द्र बड़ोनिया को ज्ञापन सौंपकर घटना में लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सक्सेना को तत्काल स्थानांतरित करने की मांग की गई ।

ज्ञापन में बताया गया है कि आमला थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सक्सेना ने आमला की उपनगरी बोडखी में कुछ संदिग्धों को सीसीटीवी कैमरे में देखाई देने के बाद भी घटना स्थल पर



जाकर समय रहते मौका मुआयना नहीं किया गया, आमला थाना प्रभारी ने देर शाम करीब 08 बजे घटना स्थल पर जाकर महज खानापूर्ति करके लौट गए, ठीक उसी रात आमला रतेडा रोड़ स्थित चंद्रभागा नदी के पास गल्ला व्यापारी कल्लू राम प्रजापति के घर सेंध लगाकर डकैतों ने डाका डाल दिया ।

ज्ञापन में बताया गया है कि यदि समय रहते आमला पुलिस और थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सक्सेना कोई कदम उठाते तो शायद इतनी बड़ी वारदात नही घटती । आमला के जागरूक पत्रकारों वकीलों और नागरिकों ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, पुलिस महानिदेशक भोपाल, पुलिस अधीक्षक बैतूल के नाम ज्ञापन सौंपकर आमला थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सक्सेना सहित आमला पुलिस पर पुलिस गाइडलाइन के अनुसार कार्यवाही करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपते वक्त मोहम्मद आसीफ लांबा ( पीसीडब्ल्यूज अध्यक्ष आमला ) दीपक कुमार बरथे अध्यक्ष ( मीडिया एण्ड सोशल मीडिया पत्रकार संघ )समस्त पत्रकार मौजूद रहें।

# रात्रि कालीन क्रिकेट टूनार्मेंट महुआ गांव सीजन 2 का हुआ शुभारंभ

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

सिंगरौली। महुआ गांव,धार्मिक व सामाजिक गतिविधियों में सदैव अग्रणी रहने वाला महुआ गांव अब खेल के क्षेत्र में भी एक नया इतिहास रचने जा रहा है। बता दें कि खैरा जहां पर मिनी स्टेडियम की घोषणा हुई है अब बहुत जल्द ही बनाने वाला है,उसी मिनी स्टेडियम में एम पी एल रात्रि कालीन टूनार्मेंट सीजन-2 का धौहनी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने रात्रि 10 बजें फीता काट कर खेल का शुभारंभ किया गया।अब जो कि एक भव्य रात्रिकालीन क्रिकेट टूनार्मेंट होगा। यह टूनार्मेंट 7 दिनों तक चलेगा और इसमें कुल 10 फ्रेंचाइजी टीमें हिस्सा



लेंगी। टूनार्मेंट का उद्घाटन रविवार,25 मई को शाम 10 बजे महुआ गांव खैरा आने वाला समय मिनी स्टेडियम में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम,विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य सत्यवती सिंह,मंडल अध्यक्ष निवास जय प्रकाश साहू,सेवा निवृत्त शिक्षक नरोत्तम दास गुप्ता,साहू समाज जिला अध्यक्ष जीवधन साहू,राकेश सोनी ,पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष जायसवाल, राम कैलाश साहू, निवास मंडल मीडिया प्रभारी शिवप्रसाद साहू,पूर्व जनपद सदस्य महुआ गांव जेपी शाह,अरुण साहू,धर्मेंद्र साहू,गौरी पाठक सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

# मांगे पूरी नहीं हुई तो 5 जून को बंद करेंगे एनसीएल की खदानें

## सिंगरौली विस्थापित संघर्ष समिति का एनसीएल को अल्टीमेटम

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

सिंगरौली। बीते 18 मई को सिंगरौली विस्थापन संघर्ष समिति ने एक जनसभा आयोजित कर लोगों को अपने हक की लड़ाई के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया था। सिंगरौली के पूर्व विधायक रामलल्लू वैश्य के नेतृत्व में हुई इस सभा के दौरान जहां रामलल्लू वैश्य ने स्थानीय लोगों से नोटिस न लेने की अपील की थी तो वही अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अमित तिवारी समेत अन्य वक्ताओं ने भी मंच से चेताया था कि यदि 10 दिनों के भीतर सार्थक पहल होती नहीं दिखती है तो वह एनसीएल के उत्पादन एवं प्रेषण रोकने को मजबूर होंगे। इसी के तहत सोमवार को सिंगरौली विस्थापित संघर्ष समिति के अध्यक्ष रंजीत शर्मा समेत सुशीला



सिंह व अन्य लोगों ने एनसीएल मुख्यालय को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराते हुए अल्टीमेटम दिया कि यदि उनकी मांगों पर 31 मई तक विचार कर पूरा नहीं किया गया तो वह आगामी 5 जून को उत्पादन रोको अभियान के तहत जयंत एवं दूधिचुआ खदान का प्रोडक्शन बाधित करेंगे। उनका मानना है कि शासकीय भूमि, वन भूमि अथवा अनुबंध के अंतर्गत आने वाली भूमि पर लंबे समय से अपने आशियाने बनाकर जीवन यापन कर रहे लोग एनसीएल की इस विस्थापन की प्रक्रिया से व्यथित हैं। एनसीएल प्रबंधन ऐसी स्थिति में उनके साथ दोहरे मापदंड अपना रहा है।

इसी बात से छुब्ध लोगों ने अमित तिवारी के मार्गदर्शन में समिति बनाकर कुल 10 सूत्री मांग को लेकर यह आह्वान छेड़ा है। जिसमे शासकीय भूमि पर बसे लोगों को भी विस्थापित मानते हुए, पट्टेदारों के समान ही सभी प्रकार के लाभ प्रदान करने समेत शासकीय भूमि, वन भूमि एवं अनुबंधित भूमि पर निर्मित सभी आवासों के स्वामियों को 15 लाख की सम्मानजनक राशि प्रदान करने, उनके प्रत्येक परिवार के सभी पात्र सदस्यों को 15-15 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने, आवासों के संपूर्ण क्षेत्रफल का उचित सोलेशियम प्रदान करने, एकमुश्त विस्थापन भते की राशि को वर्तमान 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख किये जाने, पुनर्वास स्थल पूर्ण विकसित कर तब उन्हें प्लॉट आवंटित करने समेत कुल 10 मांगे शामिल है।

# शान्तिपूर्ण माहौल में डीसी - एसपी ने किया ईद मनाने की अपील

## चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की तैनाती, हर गतिविधियों पर रहेगी पैनी नजर




**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,** पाकुड़ (झा०खं०), आगामी ईद-उल- अजहा यानी बकरीद ईद शान्ति पूर्ण माहौल मे आपसी भाईचारे के साथ एक- दूसरे में समन्वय स्थापित करते हुए हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने को लेकर पाकुड़ बाजार समिति प्रांगण में उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय शान्ति समिति के बैठक में जिले के लगभग सभी विभागों के अधिकारी/ पुलिस पदाधिकारी समेत जन-प्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। बैठक में जिले भर से आये गणमान्य व्यक्ति से त्यौहार को शान्ति पूर्वक माहौल में हर्षोल्लास के साथ मनाने के ध्यानार्थ सुझाव प्राप्त करने के पश्चात उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। ईद जैसी पवित्र त्यौहार को लेकर पुख्ता सुरक्षा इंतजामों के साथ हर एक चौक चौराहों समेत सेंसिटिव एरिया पर सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ हर एक गतिविधियों पर पैनी नजर रखने की निर्देश दिया गया। इस दौरान लोगों को सोशल मीडिया अन्य अफवाहों से बचने की अपील भी की। किसी भी गतिविधि या अप्रयोजनीय इश्यू नजर आने पर डायल 112 या नजदीकी थाना को सूचित करने की अपील भी की। सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखी जायेगी। वही डीसी मनीष कुमार ने कहा कि बैठक में जिले भर से आये गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी सुझाव साझा किया। प्रशासन एक्टिव है और पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से हर एंगल से पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था में अपना काम कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी पर्व अच्छाई का संदेश देते हैं, इससे एक दुसरे में समन्वय स्थापित करने समेत किसी की आस्था पर ठेस न पहुंचे, इस हेतु लोगों को ध्यान रखने की अपील भी की। वही एसपी प्रभात कुमार ने विधि व्यवस्था बनाये रखने के साथ सौहार्द पूर्ण माहौल में यौहार को मनाने की अपील की। असमाजिक तत्वों व हर गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के साथ मनचलों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। बैठक में अपार समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सीएस, पाकुड़, नगर प्रशासक, बीडीओ/ सीओ, एसडीओ, एसडीपीओ, पाकुड़/ महेशपुर, थाना प्रभारी अन्य पदाधिकारी समेत ग्रामीण जन-प्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# विधायक ने गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं से हुए रूबरू, किया आश्वस्त



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), झारखण्ड की लोकप्रिय विधायक निसात आलम ने सोमवार को पाकुड़ प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत झिकरहाटी पूर्वी क्षेत्र के इस्लामपुर, सकरघाट, कांकरबोना आदि गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्या से अवगत हुईं। इस दौरान ग्रामीणों ने स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क आदि समस्याओं से अवगत कराया। इस क्रम में महिलाओं ने मुख्यमंत्री मंइया सम्मान योजना के तहत आनलाइन आवेदन करने के बाद भी राशि नहीं मिलने, राशन कार्ड में परिवार के सदस्यों का नाम जोड़ने, आबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने सहित अन्य समस्याओं को रखा। समस्या से अवगत होने के पश्चात विधायक निसात आलम ने ग्रामीण को भरोसा दिलाया कि आपकी जो भी समस्या हैं , सम्बन्धित विभाग से निदान कराया जायेगा मौके पर जिला प्रखण्ड अध्यक्ष मानसारुल हक , सोशल मीडिया प्रभारी पियारुल इस्लाम, महिला जिला अध्यक्ष शहनाज हुसैन, झिकरहाटी पूर्वी पंचायत अध्यक्ष नजरुल इस्लाम ,मुखिया आरिफ हुसैन उर्फ राजा ,मुखिया नरगिस सुल्तान , फरमान अली, डॉ जोहरूल इस्लाम , अशरफुल हॉक, नूर इस्लाम , आनीकुल शेख ,आफताब आलम , मंसूर शेख पलाश शेख सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गुमशुदा आंचल कुमारी की नहीं मिला कोई सुराग, परिजन परेशान



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

जामताड़ा (झा०खं०),, जामताड़ा जिला के कमाटांड थाना क्षेत्र अंतर्गत,कासीटाड़ गांव निवासी 19 वर्षीय आंचल कुमारी ( पिता- अर्जुन तुरी) बीते 6 मई 2025 की शाम से लापता है। आंचल की हाल ही में शादी कोलकाता के सियालदह में हुई थी और विवाह को केवल तीन महीने ही हुए हैं। परिजनों के अनुसार, मंगलवार की शाम करीब 6 बजे आँचल ने शौच के लिए बाहर जाने की बात कही थी, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। ग्रामीण क्षेत्र में आज भी शौचालय की सुविधा नहीं होने के कारण महिलाएं खुले में शौच के लिए जाती है। ऐसे में यह कहना मुश्किल है कि आंचल खुद से गई है, या उसे कोई लेकर गई है? वही परिजनों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन जब कोई जानकारी नहीं मिली, तो कमार्टांड थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। आंचल जब घर से निकली थी, उस समय उसने गुलाबी रंग का सूट-पाजामा और नीले रंग का दुपट्टा पहना हुआ था। उसके दाहिने हाथ पर आंचल नाम का टैटू भी बना है। परिवारवालों का कहना है कि वह पिछले दो दिनों से कुछ उदास दिख रही थी, लेकिन उसने किसी से कोई बात साझा नहीं की। लड़की के पिता अर्जुन तुरी ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को भी उनकी बेटी के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया मोबाइल नंबर 9771993970 पर सम्पर्क करे। उन्होंने यह भी कहा है कि सही सूचना देने वाले को ?15,000 का इनाम दिया जायेगा। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है, लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है जिससे परिजन बेहद चिंतित और परेशान है।

# विधायक ने बिजली व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु एसडओ से की अनुरोध



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

धनबाद (झा०खं०), बिजली की समस्या से जूझ रहे आम-जनो को राहत दिलाने की ध्यानार्थ बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ सब- डिविजनल ऑफिस पहुंचकर एसडीओ से वातालर्लाप की। साथ ही दूरभाष पर जेवीवीएनएल महाप्रबंधक से भी बातें की। इस दौरान एसडीओ ने आश्वस्त किया कि 5 दिनों के दरमियान बिजली व्यवस्था दुरुस्त कर ली जायेगी वही विधायक शत्रुघ्न महत्व ने कहा कि बिजली समस्या को लेकर एसडीओ से वातालर्लाप हुई है, उन्होंने 5 दिन के दरमियान लाचार बिजली व्यवस्था सुधारने की भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि यदि इस दौरान लाचार बिजली व्यवस्था को सुधार नहीं किया गया तो समर्थकों के साथ मजबूरन धरना-प्रदर्शन पर बैठेंगे। इस बीच रीजनल हॉस्पिटल तिलातांड का जीर्णोद्धार के सवाल पर उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही रीजनल हॉस्पिटल का भी जिर्णोद्धार होगा। इसके लिए हमने कई दफा बैठक की है । यथाशीघ्र अस्पताल का कायाकल्प होगा।

# महिलाओं द्वारा रीति रिवाज के साथ सम्पन्न हुआ बट सावित्री पूजा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

धनबाद (झा०खं०), धनबाद के कोने-कोने में महिलाओं द्वारा की गई इस बट सावित्री पूजा कहीं कहीं कल यानी रविवार को भी मनाया गया यह पर्व। लेकिन खासकर सोमवार को भारी संख्या में महिलाओं ने बट सावित्री का पूजा अर्चना करती देखी गई। उक्त पूजा में सर्वप्रथम सुबह सवेरे से ही महिलाएं तैयारी में जुटी, स्नान कर सज सांवरकर पूजा की सामग्री लेकर बट वृक्ष पूजा स्थल पहुंची, जहां पुजारी द्वारा मंत्रोंउच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ बट सावित्री पूजा पर्व। धनबाद के बाघमारा, लोयाबाद, केंदुआ, राजगंज, नवागढ़, महुदा, सिजुआ, श्यामडीह, झगराही, राजबाड़ी, सोनारडीह, हीरापुर, सिसकारी, फुलवार एवं अन्य कई जगह जहां भारी संख्या में महिलाएं पूजा अर्चना करती देखी गई।

# पति के लंबी आयु के लिए महिलाओं ने किया बट सावित्री पूजा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

जामताड़ा (झा०खं०), करमाटांड़ प्रखणड क्षेत्र के अन्तर्गत हेट करमाटांड़, करमाटांड़ बाजार, कासीतार, मीरलोडी, डुमरिया, चेरघरा, धेडवाड़ी, शांतिनगर समेत कई गांव में बट सावित्री पूजा मनाया गया, सुबह से ही महिलाओं ने सोलह सिंगार करके बट वृक्ष के पास जाकर घी के दिया जलाकर वृक्ष में धागा बानकर आरती दिखाकर पूजा किया, वही पंडितों द्वारा विधि विधान से सभी महिलाएं बैठकर बट सावित्री के कथा सुने, वहीं लोगों का मानना है कि सती सावित्री बट वृक्ष के पास ही बैठकर पूजा पाठ करके यमराज से अपने पति के प्राण वापस लाए थे, उसी दिन से वट सावित्री पूजा का प्रचार प्रसार पूरा दुनिया में होने लगे और सभी पति वार्ता महिलाएं यह पूजा करने लगे, लोगों द्वारा यहां भी बोला जाता है कि यह पूजा करने से पति की उम्र बढ़ते हैं और दीघार्यु मिलते हैं।

# अंजली यादव बनी जिले की दूसरी महिला उपायुक्त

**नेशनिल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



गोड्डा : अंजली यादव गोड्डा की नई उपयुक्त बनाई गई है। वह जिले में दूसरी महिला उपायुक्त के रूप में योगदान करेंगी। कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा जारी आदेश में अंजली यादव को गोड्डा का नया उपायुक्त बनाया गया है। इसके पूर्व अंजली यादव निदेशक पर्यटन विभाग, झारखंड के अलावे परीक्षा नियंत्रक, झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद रांची के अतिरिक्त प्रभार में भी थी।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्या



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गोड्डा ।गोड्डा : जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर के द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त के द्वारा जनता दरबार में आए हुए सभी लोगों की समस्याओं को बारी-बारी से सुना गया एवं आवेदकों को आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा।

जनता दरबार में प्रधानमंत्री आवास, वृद्धा पेंशन, जाति प्रमाण पत्र, अनुकम्पा से संबंधित मामले, जमीन से संबंधित मामले, राशनकार्ड में त्रुटि, शिक्षा विभाग के मामले आदि से संबंधित आवेदक आए। उपायुक्त के द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को अविलंब आवेदन प्रेषित किया गया एवं निर्देश दिया गया कि सभी आवेदनों की जांच करते हुए समस्याओं के त्वरित समाधान किए जाए तथा पूर्व में समाधान किए गए मामलों से संबंधित प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर प्रस्तुत किए जाए।

# पुलिस ने हत्या मामले का उद्भेदन के साथ 7 व्यक्ति को किया गिरफ्तार

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, गोड्डा (झा०खं०), गोड्डा के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की नेतृत्व में गठित टीम ने जिले के बोआरीजोरी थाना क्षेत्र में बीते 19 मई 2025 को साहेबगंज जिला के मिजाचौकी ग्राम फूलोलक्ष्मी के ग्राम प्रधान तालु मरांडी की हत्या मामले का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए सात अभियुक्त को गिरफ्तार किया है ।साथ ही छापेमारी के दौरान पुलिस ने कई मोबाइल, सिमकार्ड समेत बाइक भी बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक सुपारी देकर हत्या कराने की वृतांत प्रकाश में आया है।

# सरैया गांव में जलजमाव से ग्रामीण परेशान, जल्द समाधान की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



गोड्डा ( झा०खं० ), पथरगामा प्रखण्ड के घाट कुराबा पंचायत स्थित सरैया गांव में जलजमाव की गंभीर समस्या से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डीलर मिरुलाल मुर्मू के घर के सामने गड्ढा बन जाने के कारण बारिश के पानी का निकास रुक गया है, जिससे क्षेत्र में लगातार पानी जमा हो रहा है। हल्की बारिश में भी काफी संख्या में पानी जमा हो जाता है। बरसात के दिनों में तो समस्या और बढ़ जाता है। स्थानीय ग्रामीणों गोबिंद मुर्मू, साहब मुर्मू, मीणा देवी, सोना टुडू, सोरागनी सोरेन समेत कई लोगों ने बताया कि उक्त स्थल पर स्थित जनवितरण प्रणाली की दुकान पर राशन लेने के लिए रोजाना बड़ी संख्या में लोग आते हैं, लेकिन जलजमाव के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से इस समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की है। इस सम्बन्ध में पंचायत के मुखिया मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि जल निकासी की समस्या को लेकर हम भी चिंतित हैं, लेकिन वर्तमान में आवंटन की कमी के कारण काम शुरू नहीं हो पाया है। जैसे ही आवंटन मिलेगा, कार्य को शीघ्र ही पूरा किया जायेगा।

# जमीन विवाद में मारपीट में 10 घायल,एक रिम्स रेफर

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, लातेहार (झा०खं०), लातेहार जिला अन्तर्गत बारियातू थाना क्षेत्र स्थित राजगुरु ग्राम में जमीन विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिवरथ साव एवं पोखराज साव दोनो गोतिया के बीच वर्षों से आपस में जमीन विवाद चल रहा है। सोमवार को खेत जोतने को लेकर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गये और एक दूसरे पर लाठी डंडे से हमला कर दिया।जिसमें एक पक्ष से पोखराज साव, प्रमिला देवी, दुर्गा प्रसाद, चन्दन कुमार ग्राम राजगुरु थाना बरियातू एवं दुसरे पक्ष से शिवरथ साव, उपेंद्र साव, पुरुषोत्तम साव, विनय साव, फगुनी देवी,मु केश साव सभी ग्राम राजगुरु थाना बारियातु निवासी के नाम शामिल है ।

# आवास योजनाओं को लेकर बीडीओ के नेतृत्व में विशेष कैंप आयोजित



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो गोड्डा** -पथरगामा(गोड्डा ): प्रखंड के पिपरा पंचायत भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश कुमार गौतम के नेतृत्व में ₹अबुआ आवास योजना₹ एवं ₹प्रधानमंत्री आवास योजना₹ को लेकर एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जहां आमतौर पर रविवार को सरकारी कार्यों में विराम रहता है वहीं बीडीओ नितेश कुमार गौतम ने अपने पूरे टीम के साथ मिलकर पंचायत क्षेत्र के सभी पात्र लाभुकों को आवास योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से यह कैंप आयोजित किया। इस दौरान सभी लाभुकों के दस्तावेजों की जांच की गई और योजनाओं से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा किया गया।

वहीं बीडीओ ने मौके पर स्वयं कई आवासों का निरीक्षण कर योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कर्मियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक समय पर पहुंचाया जाए और सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता के साथ निष्पादित किया जाए।

ग्रामीणों ने बीडीओ के इस कार्य की काफी सराहना करते हुए कहा कि इससे ग्रामीणों को काफी मदद मिलता है। इस अवसर पर प्रखंड समन्वयक मुकेश कुमार मंडल, पंचायत सचिव सुदर्शन कुमार, राजीव साह, मनरेगा के कनीय अभियंता पवन कुमार, निरंजन कुमार, धीरज तिवारी, मो० मजीद, कर्ण कुमार सहित बड़ी संख्या में प्रखंड कर्मी और ग्रामीण लाभुक उपस्थित थे।

# सीसीएल के मगध-संघमित्रा क्षेत्र में द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**, लातेहार (झा०खं०),, बालूमाथ, सीसीएल के मगध-संघमित्रा क्षेत्र में क्षेत्रीय स्तरीय द्विपक्षीय सुरक्षा समिति-2025 की बैठक सोमवार को पिट ऑफिस के सभागार में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ ने किया। बैठक में मगध-संघमित्रा क्षेत्र के प्रबंधन एवं श्रमिक संगठन प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमें खदानों की सुरक्षा और अन्य सम्बन्धित मुद्दों पर चर्चा की गई। क्षेत्र में परिचालन इकाइयों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और व्यावसायिक सुरक्षा के 'शून्य हानि' स्तर को प्राप्त करने के लिए विभिन्न उपायों पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान मगध- संघमित्रा क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गई और सुरक्षा मानक में सुधार के लिए महत्वपूर्ण जानकारी ली गई। बैठक के दौरान श्रमिक संगठन प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा खदानों में सुरक्षा मानकों को बढ़ाने के लिए सुझाव दिए। क्षेत्रीय महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ ने आश्वस्त किया कि खदानों में सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने के लिए सुरक्षा समिति के सदस्यों के सुझावों को लागू किया जाएगा। इस बैठक में एस.एन. प्रसाद शम्भूनाथ जेएमएस, आरकेएमयू, बीएमएस, एटक, सीआईटीयू, सीएमयू तथा आरसीएमयू के श्रमिक संगठन प्रतिनिधि, ठेकेदार मजदूर प्रतिनिधि और मगध-संघमित्रा क्षेत्र के प्रबंधन उपस्तिथ हुए।

# सत्ता में आने के 100 दिन पूरे होने पर 31 मई को दिल्ली सरकार अपना रिपोर्ट पेश करेगी: रेखा गुप्ता

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार 31 मई को अपने 100 दिनों का रिपोर्ट कार्ड पेश करेगी, क्योंकि लोगों को उसके द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताना सरकार का कर्तव्य है। दिल्ली में 25 वर्षों के बाद भाजपा ने सरकार बनाई है और गुप्ता ने 20 फरवरी को रामलीला मैदान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित एक भव्य समारोह में अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार 100 दिनों के अपने कार्यकाल में लगातार काम कर रही है। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, आप सभी ने देखा है कि दिल्ली सरकार



24 घंटे काम करती नजर आ रही है। 30 मई को हमारी सरकार 100 दिन पूरे कर लेगी। हम 31 मई को दिल्ली की जनता के सामने अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे। हम अपने द्वारा किए गए हर काम का ब्योरा देंगे। गुप्ता ने कहा कि यह जनता ही है, जिसने सुनिश्चित किया कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार बने। उन्होंने कहा, दिल्ली की जनता को सूचित करना हमारा कर्तव्य है। हमने अपने 100 दिन के कार्यकाल में जो भी काम किए हैं और जो भी योजनाएं यहां लाई हैं, हम 31 मई को दिल्ली की जनता के सामने उन सभी का विवरण पेश करेंगे। इस साल फरवरी में विधानसभा चुनाव में भाजपा 70 में 48 सीट जीतकर आम आदमी पार्टी के एक दशक पुराने शासन को खत्म करते हुए दिल्ली की सत्ता में आई थी।

# आगामी वर्ष में हर विद्यालय को निपुण बनाना हमारा लक्ष्य: अभिनव गोपाल (मुख्य विकास अधिकारी)

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सक्रिय प्रसारण के जरिए उत्तर प्रदेश के जनपदों में बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का लोकार्पण /शिलान्यास / शुभारंभ किए जाने का एक समारोह का आयोजन लोक भवन लखनऊ में किया गया। जिसका सीधा प्रसारण दूरदर्शन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का प्रसारण जनपद गाजियाबाद के हिंदी भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गाजियाबाद के जिलाधिकारी दीपक मीणा, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, चीफ वान सिविल ,ललित जायसवाल,



मयंक गोयल, जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव, समस्त खं. शिक्षा अधिकारी जिला समन्वयक, एसआरजी, ए.आर.पी., सभी ब्लॉकों के शिक्षक संघ के नेतागण, परिषदीय विद्यालय अध्यापकगण, विभिन्न विद्यालयों में अध्यनरत छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। उन्होने कहा कि मोदी –योगी के नेतृत्व में ? बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा किये गये कार्य सराहनीय हैं,आगामी वर्ष में हर विद्यालय निपुण होगा यह हमारा लक्ष्य है। कार्यक्रम में नेशनल प्रेस टाइम्स टीम की ओर से नरेश चंद्र मोजूद रहे।

## लोक संघ सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा:

# इतिहास के प्रश्नों में उलझे अभ्यर्थी, गणित के प्रश्नों में लगा समय



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गाजियाबाद। जिले में 51 केंद्रों पर रविवार को लोक संघ सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा कराई गई। दो पालियों में आयोजित हुई परीक्षा में कुल पंजीकृत 46080 अभ्यर्थियों में से 16,422 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा देकर आए अभ्यर्थियों ने प्रश्न पत्र को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रिया व्यक्त की। कुछ ने बताया कि परीक्षा में गणित के सवाल मुश्किल लगे वहीं कुछ ने कहा कि वह इतिहास से जुड़े प्रश्नों में उलझे।

### ये आए सवाल

– मोहनजोदड़ो से प्राप्त नाचती हुई लड़की नामक प्रख्यात नारी लघुमूर्ति किस पदार्थ की बनी है?

– चौरी-चौरा घटना के परिणामस्वरूप बंदी बनाए गए लोगों को किसने विधिक प्रतिरक्षा प्रदान की?

– गांधी जी ने विख्यात वक्तव्य राजद्रोह मेरा धर्म हो गया है कब दिया था?

– वायु प्रदूषण कम करने के लिए कृत्रिम वर्षा कराने के तरीके में किनका प्रयोग होता है?

– किस संस्था ने जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता की हानि के नियंत्रण हेतु प्रकृति पुनः स्थापन विधि अधिनियमति की?


– भारत, अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन कॉरिडोर में किन्हें जोड़ेगा?

परीक्षा की पहली पाली सुबह साढ़े नौ से साढ़े ग्यारह बजे तक हुई, जिसमें कुल पंजीकृत 23040 अभ्यर्थियों में से 8196 ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली दोपहर 02:30 बजे से 04:30 बजे तक कराई गई, जिसमें कुल पंजीकृत 23040 अभ्यर्थियों में से 8283 ने परीक्षा छोड़ी। परीक्षा केंद्रों पर जांच करने के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। अभ्यर्थियों को कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं थी। साथ ही उन्हें आधे घंटे में पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना था। परीक्षा के निरीक्षण के लिए तीन सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, सात जोनल मजिस्ट्रेट, 18 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 51 एलआईओ सहित पुलिस की तैनाती की गई है।

# एनआईए ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने पर एक सीआरपीएफ कर्मी को किया गिरफ्तार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पाकिस्तानी के लिए कथित रूप से जासूसी करने को लेकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी मोती राम जाट जासूसी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल था और 2023 से राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित गोपनीय जानकारी पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों (पीआईओ) को पहुंचा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सहायक उपनिरीक्षक जाट को , विभिन्न माध्यमों से पीआईओ से पैसे मिल रहे थे। उन्होंने बताया कि एनआईए ने मोती राम को दिल्ली से गिरफ्तार किया और उससे पूछताछ कर रही है। इस बीच, सीआरपीएफ ने कहा कि उसने उसे बर्खास्त कर दिया है। सीआरपीएफ के एक बयान के अनुसार, केंद्रीय एजेंसियों के साथ तालमेल में सीआरपीएफ द्वारा जब जाट की सोशल मीडिया गतिविधि पर




बारीकी से नजर रखी गयी तब वह जांच के दायरे में आया। निगरानी के दौरान पाया गया कि उसने ह्रस्थापित मानदंडों और प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हुए काम किया है। बयान के अनुसार जाट को आगे की जांच के लिए एनआईए के हवाले कर दिया गया है। बयान में कहा गया है, इसके साथ ही, सीआरपीएफ नियमों के साथ संविधान के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत इस व्यक्ति को 21 मई से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। जाट को यहां विशेष अदालत पेश किया गया। अदालत ने उसे छह जून तक के लिए हिरासत में भेज दिया है।

# टिकरी कलां स्टेशन पर मेट्रो हुई खराब, ऑफिस जाने वालों की लगी भारी भीड़, 30 मिनट बाद अनाउंसमेंट

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

नई दिल्ली । दिल्ली के टिकरी कलां स्टेशन पर मेट्रो खराब हो गई। तीस मिनट से इसी स्टेशन पर मेट्रो खड़ी रही। इसके बाद अनाउंसमेंट की गई कि तकनीकी खराबी के चलते मेट्रो आगे नहीं बढ़ पा रही है। दिल्ली मेट्रो से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बहादुरगढ़ से इंद्रलोक के बीच टिकरी कलां स्टेशन पर मेट्रो खराब हो गई। जिसकी वजह से सुबह ऑफिस जाने वाले यात्रियों को परेशान हुई। वहीं दिल्ली मेट्रो की ओर से 30 मिनट बाद अनाउंसमेंट की गई।मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली के टिकरी कलां स्टेशन पर मेट्रो खराब हो गई, जिसकी वजह से 30 मिनट से इसी स्टेशन पर मेट्रो खड़ी रही। 30 मिनट बाद अनाउंसमेंट की गई कि तकनीकी खराबी के चलते मेट्रो आगे नहीं बढ़ पा रही है। यह मेट्रो बहादुरगढ़ से इंद्रलोक जा रही थी।

# जीएमए का 35वां राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन सफलतापूर्वक सम्पन्न



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गाजियाबाद। गाजियाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन ( जीएमए ) ने 24 मई को गौर सिटी ग्रेटर नोएडा (वेस्ट) के गौर सरोवर प्रीमियर में भविष्य को सशक्त बनाना भारत की दिशा विषय पर अपना 35वां राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया। मुख्य अतिथि रवि वेंकटेशन (पूर्व चेयरमैन माइक्रोसॉफ्ट इंडिया) और विशिष्ट अतिथि रिचर्ड रेकी (वाइस चेयर ग्रांट थॉर्नटन इंडिया) रहे। उद्घाटन अध्यक्ष एस.के. तिवारी और वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. टी.आर. पांडे ने किया। तकनीकी सत्रों में नवाचार, एमएसएमई, डिजिटल इंडिया और शिक्षण संस्थानों की भूमिका पर चर्चा हुई। समापन सत्र प्रो. (डॉ.) उमा सिंह और पुरस्कार वितरण नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में उदय नारंग, आनंद प्रकाश, प्रो. डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी और डॉ. आर. प्रसाद जैसे वक्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन जीएमए की वार्षिक स्मारिका के विमोचन से हुआ। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन राहुल अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक, जीएमए ने अत्यंत कुशलता से किया। इस अवसर पर जीएमए ने सभी वक्ताओं, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# समाजसेवी मुन्ना कुमार शर्मा को ह्लडॉक्टर आफ सोशल सर्विस की डिग्री प्रदान की गई।

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

नई दिल्ली। जाने-माने समाजसेवी एवं अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को मजबूत बनाने,समाज सेवा एवं मानवता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय कार्य करने के लिए नई दिल्ली स्थित सम्राट होटल में



आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह में साउथवेस्टर्न अमेरिकन यूनिवर्सिटी द्वारा "डॉक्टर ऑफ सोशल वर्क" की डिग्री प्रदान की गई।पिछले तीस वर्षों से सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने के लिए उन्हें यह डिग्री दी गई है।समारोह का आयोजन ग्लोबल एचीवर्स काउंसिल द्वारा किया गया था।

मुन्ना कुमार शर्मा पिछले चार वर्षों से अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।वे वर्ष 2003 से वर्ष 2020 तक हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री और वर्ष 2000 से वर्ष 2002 तक राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं।वे पिछले तेरह वर्षों से श्रीराम मित्र मंडल नोएडा के महासचिव के रूप में कार्य करते हुए नोएडा शहर में रामलीलाओं का भव्य आयोजन करवा रहे हैं।उन्होंने फेडरेशन ऑफ नोएडा आरडब्लूए के महासचिव और सेक्टर-71 आरडब्लूए के अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए नोएडा शहर के विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है।

# आप के दफ्तर के लिए जमीन आवंटन पर हाईकोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब, 28 मई को होगी अलगी सुनवाई

नई दिल्ली। न्यायमूर्ति सुब्रह्मण्यम प्रसाद की एकल पीठ को बताया गया कि पूर्व में दिल्ली सरकार के मंत्री रहे एक के पार्टी नेता वर्तमान में दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित प्लॉट 23 और 24 पर कब्जा किए हुए हैं। आप ने कहा कि यदि पार्टी को दफ्तर के लिए यह स्थान आवंटित किया जाता है, तो इसे छोड़ दिया जाएगा। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) की याचिका पर केंद्र सरकार से राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी दफ्तर के लिए जमीन आवंटन पर रुख स्पष्ट करने को कहा। न्यायमूर्ति सुब्रह्मण्यम प्रसाद की एकल पीठ को बताया गया कि पूर्व में दिल्ली सरकार के मंत्री रहे एक के पार्टी नेता वर्तमान में दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित प्लॉट 23 और 24 पर कब्जा किए हुए हैं।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

# महापौर सुनीता दयाल ने किया उद्घाटन



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**


गाजियाबाद। वार्ड 53 रईसपुर पार्षद पति राजकुमार ( राजू) की मेहनत रंग लाई 2 महीने से टूटी हुई सड़क जो रईसपुर जाने का मुख्य रास्ता है , के लिए पार्षद प्रतिनिधि रात दिन लगे हुए थे कि इस रास्ते का निर्माण जल्द से जल्द हो जाए। अंततः गाजियाबाद मेयर सुनीता दयाल के द्वारा अम्बेडकर जूनियर हाई स्कूल से लेकर चौधरी चरण सिंह चौक तक आरसीसी नाली एवं सड़क निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया गया । कार्य की लागत लगभग तीन करोड़ रुपये की होगी वार्ड 53 के निवासियों ने मेयर सुनीता दयाल पार्षद पति राजकुमार( राजू) का आभार प्रकट किया।

# संजय नगर रामलीला कमेटी का विवाद चरम पर बाहरी व्यक्ति को अध्यक्ष बनाये जाने पर बढी रार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।

गाजियाबाद । श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी में अध्यक्ष पद को लेकर विवाद रोजाना गहराता जा रहा है। कमेटी के पूर्व अध्यक्ष बीरेंद्र बाबू वर्मा ने वर्तमान में अध्यक्ष घोषित किये गए पप्पू नागर को असंवैधानिक ठहराते हुए गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पूर्व अध्यक्ष का कहना है कि पप्पू नागर न तो कमेटी के अधिकृत सदस्य हैं और न ही उन्हें अध्यक्ष पद की कोई वैधानिक मान्यता प्राप्त है। उन्होंने बताया कि कमेटी से जुड़ा चुनावी विवाद अभी रजिस्ट्रार कोर्ट में विचाराधीन है। ऐसे में किसी भी नए अध्यक्ष की घोषणा न तो कानूनी रूप से वैध है और न ही संगठनात्मक रूप से स्वीकार्य।



बिरेंद्र बाबू वर्मा एडवोकेट
पूर्व अध्यक्ष श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी संजय नगर

बिरेंद्र बाबू वर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि कमेटी के संयोजक के रूप में मोहन सिंह रावत और अशोक चांदीवाल ही अभी तक अधिकृत रूप से मान्य हैं। क्योंकि वर्ष 2024 में इन्ही दोनो के नेतृत्व में रामलीला का मंचन कराया गया था। तथा संजीव चौधरी पक्ष संवैधानिक रूप से चुनाव कराने को टाल रहे हैं। क्योंकि कमेटी में अधिकृत कुल 17 सदस्य है। और संजीव चौधरी के पक्ष में मात्र 3 सदस्य है। और हमारे पक्ष में 14 सदस्य मजबूती के साथ खड़े हैं। इसलिए दूसरे पक्ष ने कमेटी के बाहरी व्यक्ति को स्वंयभू अध्यक्ष घोषित करके इसके विवाद को बढ़ा दिया है। अन्यथा रजिस्ट्रार महोदय ने हमारे चुनाव के आदेश जारी कर दिये थे। और अभी तक यह सारा विवाद समाप्त हो जाता।

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।